# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,रविवार 24 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-147 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in


Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली का पहला सफल परीक्षण

**नई दिल्ली,24 अगस्त।** भारत ने अपनी रक्षा तैयारियों को एक नई ऊंचाई देते हुए, स्वदेश में विकसित एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण पूरा किया है। यह महत्वपूर्ण परीक्षण 23 अगस्त, 2025 को दोपहर करीब 12:30 बजे ओडिशा के तट पर किया गया। इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि यह परीक्षण देश की बहुस्तरीय वायु-रक्षा क्षमताओं को स्थापित करता है, जिससे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मजबूत होगी। डीआरडीओ ने भी इस सफल परीक्षण का वीडियो साझा किया। डीआरडीओ के अनुसार, IADWS



एक बहुस्तरीय रक्षा कवच है, जिसमें तीन उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियां शामिल हैं, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (QRSAM), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति वाला लेज़र आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (DEW)। ये तीनों प्रणालियां मिलकर, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन से लेकर तेज गति वाले दुश्मन के विमानों और मिसाइलों तक, विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों को बेअसर करने में सक्षम हैं। यह सफल परीक्षण रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतीय वायु रक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे उन्नत और मजबूत प्रणालियों में से एक है, जो हवाई खतरों जैसे बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों, लड़ाकू विमानों, ड्रोनों और हेलिकॉप्टरों से रक्षा करने में सक्षम है। यह मल्टी-लेयर्ड सिस्टम विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न होने वाले खतरों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।



रायपुर. जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्व प्रसिद्ध बुलेट ट्रेन यात्रा का अनुभव लिया. सीएम साय टोक्यो से ओसाका तक बुलेट ट्रेन में यात्रा करते नजर आए. उन्होंने सोशल मीडिया पर इस यादगार सफर का वीडियो भी शेयर किया है.



### बस्तर के होनहार अविनाश तिवारी से टोक्यो में मिले मुख्यमंत्री साय

**रायपुर 24 अगस्त.**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो में जापान के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं बस्तर के गौरव अविनाश तिवारी से सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश और उद्योग स्थापना की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई, जिसमें मुख्यमंत्री साय ने राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों, औद्योगिक आधारभूत ढांचे और निवेशकों को मिलने वाले सहयोग की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि अविनाश तिवारी, जो मूलतः बस्तर जिले के तोकापाल क्षेत्र के निवासी हैं और नवोदय विद्यालय, बारसूर (दंतेवाड़ा) के पूर्व छात्र रहे हैं, आज जापान की प्रतिष्ठित कंपनी में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता डॉ. सुरेश तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। मुख्यमंत्री साय ने भरोसा जताया कि तिवारी जैसे युवा, जो बस्तर की धरती से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, की सहभागिता से प्रदेश में उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### जर्मनी से 70 हजार करोड़ में 6 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली,24 अगस्त।** भारत सरकार वायुसेना और नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए दो बड़ी डील करने के लिए तैयार हो गई है। पहली डील रक्षा मंत्रालय और मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड जर्मनी से 6 सबमरीन खरीदने वाली है। सरकार ने 'प्रोजेक्ट 75 इंडिया' के तहत भारत में बनने वाली इन पनडुब्बियों की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करने की मंजूरी दे दी है। यह डील 70 हजार करोड़ में हो सकती है। वहीं, भारत सरकार इजराइली रैम्पेज एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलों की बड़ी खेप खरीदने वाली है।

## राजनाथ सिंह ने शुभांशु शुक्ला सहित सभी अंतरिक्ष यात्रियों को किया सम्मानित

नई दिल्ली,24 अगस्त। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज 'गगनयात्रियों' के सम्मान में आयोजित एक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने देश के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन, 'गगनयान' के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन पी.वी. नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप का अभिनंदन किया। समारोह में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी. सिंह भी मौजूद थे। सम्मानित होने के बाद, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि वायुसेना में रहते हुए जो तैयारी उन्होंने की है, उसी के आधार पर वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने जो कुछ भी अनुभव



किया है और जो कुछ भी हासिल किया है, मुझे लगता है कि मेरी जो पृष्ठभूमि थी या इस वर्दी में और वायु सेना में रहकर मैंने वर्षों तक जो तैयारी की थी, उसके आधार पर हममें से जो भी यहां बैठा है, वह उतना ही अच्छा काम कर सकता था और यही वह आत्मविश्वास है जो मैं अपने साथ लेकर चलता हूं... वायु सेना ने यहां बैठे सभी लोगों के लिए एक मजबूत चरित्र का निर्माण किया है।' शुक्ला ने इस मिशन को देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि यह मिशन बिल्कुल सही समय पर हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत अब मानव अंतरिक्ष उड़ान, मिशन गगनयान, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अंततः चंद्रमा पर उतरने की अपनी यात्रा पर है। उन्होंने यह भी कहा कि मानव अंतरिक्ष मिशन चुनौतीपूर्ण होते हैं, और इस मिशन को सफल बनाने में एक बड़ी इंजीनियरिंग टीम और बहुत अधिक सहयोग की जरूरत होती है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'यह हमारे लिए, हमारे देश के लिए एक बहुत ही सफल मिशन था, लेकिन यह अंत नहीं, शुरुआत है। हमें एक भारतीय व्यक्ति को, भारतीय कैप्सूल पर, अपनी मिट्टी से भेजना होगा।'

## आत्महत्या की कोशिश कर रही युवती को फिल्मी स्टाइल में बचाया

**बिलासपुर,24 अगस्त।** बिलासपुर में रामसेतु पुल पर शनिवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। मानसिक तनाव के चलते युवती ड्यूटी से छुट्टी लेकर आत्महत्या करने पुल पर पहुंच गई, लेकिन मौके पर मौजूद कुछ युवकों ने भांप लिया। उसे कूदने से पहले ही बचा लिया। जिसका लाइव वीडियो भी सामने आया है। यह घटना रात करीब 10 बजकर 25 मिनट की बताई जा रही है। युवती को सुरक्षित बचाने के बाद मिक्की मिश्रा ने तत्काल सरकंडा थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय को सूचना दी। 15 मिनट के भीतर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और युवती को सरकंडा थाने ले गए। नर्सिंग नहीं कर पाने के चलते युवती मानसिक



तनाव में थी। इस मामले में थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने बताया कि, युवती का नाम संगीता बंजारे है, जो कि जारहागांव क्षेत्र की रहने वाली है। तेलीपारा में रहकर प्राइवेट जॉब करती है। युवती अपने माता-पिता से नाराज थी। वो बीएससी नर्सिंग नहीं कर पाने के कारण निराश थी। मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने युवती को फिलहाल सखी सेंटर भेजा है। जल्द ही परिजनों को बुलाकर समझाइश दी जाएगी और उसे उनको सौंप दिया जाएगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में जहां युवकों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना हो रही है, वहीं यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर बढ़ते आत्महत्या के मामलों को रोकने के लिए समाज और परिवार को क्या कदम उठाने चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य को नज़रअंदाज़ करना बेहद खतरनाक हो सकता है, इसलिए समय रहते बातचीत, परामर्श और सहयोग से ऐसे मामलों को टालना ज़रूरी है।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने टोक्यो के 'लिटिल इंडिया' में महात्मा गांधी को किया नमन

**रायपुर.**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो स्थित 'लिटिल इंडिया' पहुँचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी का शांति, अहिंसा और सद्भाव का अमर संदेश केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में मानवता को नई दिशा और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 'लिटिल इंडिया' में स्थापित गांधी जी की प्रतिमा भारत और जापान के बीच मित्रता तथा सांस्कृतिक संबंधों का सशक्त प्रतीक है। यह स्थल भारतीय समुदाय के लिए गर्व का विषय होने के साथ-साथ जापानी नागरिकों को भी भारत की महान परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय के साथ उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### अब वॉट्सएप-ईमेल पर मिलेगा कोर्ट का समन और वारंट

**नई दिल्ली ,24 अगस्त ।** दिल्ली सरकार ने समन और गिरफ्तारी वारंट की तामील को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब अदालत का समन और वारंट लोगों को मोबाइल पर व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए भेजा जा सकेगा। इसके लिए सरकार ने दिल्ली बीएनएसएस (समन और वारंट की तामील) नियम, 2025 अधिसूचित कर दिए हैं।

## निक्की मर्डर केस: आरोपी पति का एनकाउंटर

**नई दिल्ली,24 अगस्त।** ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए पत्नी निक्की को जलाकर मारने वाले पति विपिन की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ में आरोपी विपिन के पैर में गोली लगी है. बताया जाता है कि वह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश कर रहा था. पुलिस ने पीछा किया लेकिन विपिन रुका नहीं. जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई जो विपिन के पैर में लग गई. फिलहाल उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को पुलिस टीम आरोपी को थिनर की बोटल जहां से खरीदी थी, वो बरामद करने के लिए लेकर जा रही थी. तभी विपिन ने पुलिस की पिस्टल छीन ली और भागने लगा. जिसके बाद पुलिस ने गोली चलाई और गोली उसके पैर में लग गई. एनकाउंटर के बाद निक्की के पिता ने आज तक से बातचीत की. उन्होंने कहा कि पुलिस ने सही किया, जो अपराधी होता है वो भागने की



कोशिश करता ही है. विपिन भी अपराधी है. हमारी गुजारिश है कि पुलिस बाकियों को भी पकड़े और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे.

एडीसीपी सुधीर कुमार कहते हैं, "21 अगस्त को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने अपने परिवार के सदस्यों की मदद से अपनी पत्नी को आग लगाकर मार डाला. पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज किया और जांच को आगे बढ़ाते हुए मृतका के पति विपिन को गिरफ्तार कर लिया. हम यहां ज्वलनशील तरल की बोतलें बरामद करने आए थे, जिन्हें उसने आग लगाने के बाद फेंक दिया था. हमने बोतलें बरामद कर लीं, लेकिन उसी दौरान उसने इंस्पेक्टर की पिस्तौल छीन ली और भागने की कोशिश की. जब पुलिस ने उसे घेर लिया, तो उसने हम पर गोली चलाने की कोशिश की. आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई और गोली उसके पैर में लगी. उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. आगे की जांच जारी है. हमने थिनर की बोतलें बरामद की हैं, जिनका इस्तेमाल निक्की को आग लगाने के लिए किया गया था."

### मुझे पछतावा नहीं, मैंने उसे नहीं मारा: विपिन

दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी निक्की की हत्या के आरोपी विपिन का भी बयान आया है. विपिन ने कहा कि मुझे कोई पछतावा नहीं है. मैंने उसे नहीं मारा है. वह खुद मर गई. पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते रहते हैं, यह बहुत आम बात है. आपको बता दें कि विपिन पर आरोप है कि उसने पहले निक्की का बाल पकड़कर घसीटा और फिर उसकी बहन और बेटे के सामने उसे आग लगा दी. पीड़िता के लगभग छह वर्षीय बेटे ने गुरुवार रात हुई इस घटना को देखा. बेटे ने कहा, "मेरी मां के ऊपर कुछ डाला, फिर उनको थप्पड़ मारा और लाइटर से आग लगा दी." इस भयावह घटना के दो वीडियो इंटरनेट पर भी वायरल हुए थे. एक वीडियो में पीड़िता के साथ मारपीट करते और उसके बाल पकड़कर उसे घर से बाहर घसीटते हुए देख जा सकता है. जबकि दूसरे वीडियो में आग लगने के बाद निक्की लंगड़ाते हुए सीढ़ियों से नीचे उतरती हुई दिखाई दे रही है.

## राजस्थान में बारिश से कई गांव पानी में डूबे



**जयपुर,24 अगस्त।** राजस्थान में लगातार भारी बारिश के बाद हालात बिगड़े गए हैं. जयपुर, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, झालावाड़ समेत कई जिलों में सबसे ज्यादा बारिश ने तबाही मचाई है. लगातार बारिश से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है और स्थानीय प्रशासन ने मदद के लिए सेना सहित अन्य एजेंसियों की मदद ली है. कोटा और बूंदी जिले के कई केंद्रों पर 24 अगस्त को होने वाली RSCIT परीक्षा निरस्त करनी पड़ी. टोंक के देवली में जयपुर-कोटा हाईवे पर पानी भर गया और कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक रोकना पड़ा. शनिवार दिन में करौली में 41.5 मिलीमीटर, अंता-बारां व चित्तौड़गढ़ में 39 मिमी, दौसा में 33.5 मिमी, जयपुर में 29.5 मिमी, वनस्थली में 20.4 मिमी, कोटा में 18 मिमी, भीलवाड़ा में 17 मिमी, पिलानी व सीकर में 15 मिमी व अजमेर में 10.8 मिमी बारिश हुई. लगातार बारिश से कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अलवर, करौली व दौसा सहित कई जिलों में कई पानी में डूब गए और उनका संपर्क पूरी तरह कट गया. इसके बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को बूंदी के केशोरायपाटन में जलभराव से प्रभावित बस्तियों का दौरा किया. ओम बिरला के अलावा कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सवाई माधोपुर जिले के जलभराव वाले इलाकों का दौरा किया. कोटा व बूंदी में प्रशासन ने राहत व बचाव कार्यों के लिए सेना के जवानों की मदद ली है. तेज बारिश के चलते प्रदेश के कई बांधों के गेट खोले गए हैं. करौली के पांचना बांध से 17,496 क्यूसेक, बीसलपुर से 72,120 क्यूसेक, ईसरदा से 14,780 क्यूसेक, कालीसिंध से 8161 क्यूसेक और कोटा बैराज से 12,344 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है. बारी बारिश के कारण रेलवे ट्रैक भी प्रभावित हुए हैं.

## बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक साझा घोषणापत्र जारी करेगा

**अररिया,24 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि बिहार में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सभी घटक आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं और परिणाम फलदायी होंगे। अररिया में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि इस वर्ष के अंत में होने वाले चुनावों के लिए 'इंडिया' जल्द ही एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। राहुल गांधी ने कहा, " 'इंडिया' गठबंधन जल्द ही बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एक साझा घोषणापत्र जारी करेगा। विपक्षी गठबंधन के सभी घटक वैचारिक और राजनीतिक रूप से एकजुट होकर काम कर रहे हैं और परिणाम फलदायी होंगे।"

**SIR वोटों की चोरी का प्रयास**-केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)



सरकार पर तीखा हमला करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि पूर्वी राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) "भाजपा की मदद के लिए वोट चुराने का निर्वाचन आयोग का संस्थागत प्रयास" है। उन्होंने कहा, "हम निर्वाचन आयोग को बिहार में वोट चुराने की इजाजत नहीं देंगे। निर्वाचन आयोग भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। एसआईआर, निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों में वोट चुराकर भाजपा की मदद करने का एक संस्थागत प्रयास है।"

**मेरे सवालों का जवाब नहीं मिला**-राहुल गांधी ने कहा, "चुनाव आयोग की पोजिशन आपको स्पष्ट दिख जानी चाहिए। मैंने कर्नाटक में उनके सामने एक डेटा रखा लेकिन उन सवालों का आज तक एक जवाब नहीं आया। 1 लाख फर्जी वोटर कहां से आए, कौन थे इसका जवाब चुनाव आयोग ने नहीं दिया। मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा था उसी दौरान चुनाव आयोग कहता है कि राहुल गांधी को एफिडेविट देना चाहिए और अगर एफिडेविट नहीं दिया तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। कुछ दिन बाद अनुराग ठाकुर वैसा ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं लेकिन चुनाव आयोग उनसे एफिडेविट नहीं मांगते हैं, तो आपको पता है कि चुनाव आयोग किसके साथ खड़ा है।

# विधायक ने जन्मदिन पर पौधे लगा कर ग्रीन इंडिया का संदेश दिया





तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 24 अगस्त। जन्मदिन की शुरुआत हरितिमा के साथ, आज जन्म दिन के अवसर पर कवर्धा निवास परिसर के पास पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रीन इंडिया का संदेश दिया, इसमें हरितिमा समूह कवर्धा के साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा , साथ ही जिला स्काउट गाइड के विद्यार्थियों से भी मिलकर जन्म दिन की शुभकामनाएं विधायक भावना बोहरा को दी । पंडरिया विधायक भावना को जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट , पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी , जिला पंचायत सभापति दीपा पप्पू धुर्वे , जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे , जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र राजकुमारी साहू , जिला पंचायत सदस्य राजेश्री महेंद्र धृतलहरे ,युवा बीजेपी नेता रूपेश जैन , नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल और हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ओर पांडातराई , पंडरिया , कुंडा , दानापुर , सहसपुर लोहारा से पहुंचकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा को गुलदस्ता भेंटकर मिठाई खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।

सुबह से ही पंडरिया विधायक भावना दीदी को जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता दिखा । पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सादगी और विनम्रता और जनता के लिए अच्छे विकास कार्यों के कारण कबीरधाम जिले में पंडरिया विधायक भावना की तारीफ की चर्चा होती दिखी और सुबह से ही पंडरिया विधायक भावना बोहरा को बधाई देने वालो की भीड़ भी साबित कर रही है ।

## प्रशासन ने थानों में खड़े वाहनों की नीलामी की अनुमति दी

भिलाई, 24 जुलाई। जिला प्रशासन ने थानों में वर्षों से खड़े वाहनों की नीलामी की अनुमति दे दी है। एसडीएम कोर्ट में पुलिस ने वाहनों की जानकारी तैयार कर जमा की थी पूरी सूची तैयार हो गई है अब बार कोड स्कैन करने से गाड़ी की पूरी डिटेल मिल जाएगी दुर्ग शहर के थानों में लंबे समय से लावारिस, कंडम और लवादा (बिना मालिक) के खड़े वाहनों की नीलामी के लिए इस्तेगासा पेश किया गया जामुल पुलिस ने नीलाम होने वाले वाहनों की जानकारी के लिए बार कोड तैयार किया है, जिसे स्कैन करने से वाहन से संबंधित पूरी जानकारी मिल जाएगी। जैसे कि गाड़ी नंबर, चेचिस नंबर और मालिक की जानकारी। गाड़ी मालिक चाहे तो जानकारी लेकर वाहन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन अपने कब्जे में ले सकता है। अन्यथा 19 सितंबर के बाद वाहनों की नीलामी की जाएगी। सिर्फ जामुल थाने में नीलामी के लिए 218 वाहनों की सूची तैयार की गई है। इन सभी वाहनों की डिटेल बार कोड स्कैन करने से मिल जाएगी। पुलिस के मुताबिक जब्त वाहन वर्षों से थानों में ही रखे हुए हैं। इनकी नीलामी से परिसर की जगह भी खाली होगी। वहीं भिलाई भट्ठी थाने में भी लंबे समय से जब्त करीब 131 मोटर साइकिल व 60 साइकिलों की नीलामी की जाएगी इसी तरह से सुपेला थाने में भी जब्त वाहनों की नीलामी भी की जाएगी ।

## एक नजर

### पुलिस ने 255 वारंटियों को पकड़ा



दुर्ग, 24 अगस्त। दुर्ग पुलिस ने तीन दिनों तक वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कुल 31 अलग-अलग टीमों ने 255 वारंटियों को पकड़ा इसमें थाना नेवई के वर्ष 2009 के प्रकरण में फरार वारंटी को भी गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि जिला दुर्ग में वर्षों से लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों पर तामिली के लिए 20 अगस्त से 22 अगस्त तक दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियो के तलाश लिए विशेष टीम गठित की। इस अभियान के तहत 107 बेमियादी तथा 148 गिरफ्तारी वारंट, कुल 255 वारंटी को दुर्ग पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस विशेष अभियान के तहत वारंटियो का नाम सूचीबंद्ध कर, फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया गया है 16 वर्ष पुराना वारंटी भी पकड़ाया, 31 टीम अलग-अलग वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए जुती।

### एक्टिवा चोर गिरफ्तार



भिलाई, 24 अगस्त। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के एक्टिवा चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि नेहरु नगर ईस्ट निवासी सईद खान की एक्टिवा घर के सामने खड़ी थी। अज्ञात ने वाहन को चोरी कर फरार हो गया शिकायत पर पुलिस हरकत में आते हुए मॉडल टाउन सड़क नं. 01 स्मृति नगर थाना सुपेला निवासी आदित्य बाघ उर्फ आदि को पकड़ा गया युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया युवक को पुलिस ने घड़ी चौंक के पास से पकड़ा गया आरोपी के पास से पुलिस एक्टिवा सीजी 07 सीयू 9581, मोबाईल, धारदार चाकु जब्त किया गया आरोपी आदतन अपराधी है उसके खिलाफ पहले भी थानों में अपराध दर्ज है आरोपी को पुलिस न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा है।

### पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार



भिलाई, 24 अगस्त। भिलाई नेवई थाना क्षेत्र पति ने अपनी पत्नी का गला घोटकर उसकी हत्या कर दी पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है हत्या की वजह का खुलासा रविवार को पुलिस करेगी नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि मरोदा सेक्टर एचएससीएल कालोनी में रहने वाले राजेश उर्फ एकल दुबे (28 साल ) और खैरागढ़ ग्राम खपरी खुर्द की रहने वाली दीक्षा दुबे (22 साल ) की शादी 11 जुलाई 2024 को राजानांदगांव में हुई थी शादी के बाद से दोनों में विवाद होता रहता था एकल ने अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर दी सूचना मिलने पर नेवई पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है वहीं जानकारी मिलने पर दीक्षा के परिजन भिलाई पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि दीक्षा के साथ आए दिन एकल विवाद करता रहता था इसी के चलते उसे छोड़कर कई बार मायके आकर रहने लगी थी फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

### युवक को लूटने वाले गिरफ्तार



भिलाई, 24 अगस्त। लिफ्ट देने के नाम पर युवक को सुनसान इलाके में लेकर जाकर चेन और ब्रेसलेट छीनने वाले दो आरोपियों को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे चांदी की चेन, चांदी का ब्रेसलेट पुरानी घड़ी जब्त कर लिया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कृष्णा दास मानिकपुरी निवासी डबरा पारा भिलाई - 3 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 अगस्त की रात 8 बजे नंदिनी रोड छावनी में घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था। उसी समय एक व्यक्ति मोटर साइकिल में आया और उसे छोड़ने के बहाने अपने मोटर साइकिल में बैठाकर ले गया और कुछ दूरी पर उसका साथी मिला और वह भी मोटर साइकिल मे बैठ गया। सूने इलाके में ले जाकर प्रार्थी की चांदी की चेन, चांदी का ब्रेसलेट, पुरानी घड़ी छीनकर भाग गए प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी के बताये हुलिया, मुखबीर सूचना एवं आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। संदेही एस. अमन निवासी खुर्सीपार को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपने साथी एस. थामस के साथ मिलकर झपटमारी करना स्वीकार किया पुलिस ने आरोपी एस. अमन (20 साल ) निवासी जोन 01 सेक्टर 11 खुर्सीपार व एस. थामस (20 साल ) निवासी जोन 01 सेक्टर 11 खुर्सीपार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# राजस्व टीम करेगी सभी 40 वार्डों में जाकर संपत्ति का भौतिक सत्यापन

भिलाई 03 । नगर निगम भिलाई चरौदा क्षेत्र में संपत्ति कर एवं अन्य करों के वास्तविक मूल्यांकन के लिए डोर-टू-डोर सर्वेक्षण की शुरुआत की जा रही है। महापौर निर्मल कोसरे एवं निगम आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत के निर्देशानुसार यह अभियान आगामी सोमवार से शुरू होगा। इस उद्देश्य के तहत सभी 40 वार्डों में राजस्व विभाग की टीमें घर-घर जाकर संपत्तियों का भौतिक सत्यापन करेंगी। नगर निगम के अनुसार यह सर्वेक्षण निगम को प्राप्त हो रहे राजस्व में पारदर्शिता एवं वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। वर्तमान में जो कर वसूली हो रही है, वह नागरिकों द्वारा पहले दिए गए संपत्ति विवरण (स्व विवरणी) के आधार पर की जा रही है। लेकिन अब संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन (री-असेसमेंट) कर वास्तविक स्थिति के अनुसार कर निर्धारण किया जाएगा। राजस्व प्रभारी एवं महापौर परिषद सदस्य मोहन साहू ने जानकारी दी कि सर्वेक्षण दलों का गठन कर लिया गया है। प्रत्येक दल में 5 कर्मचारी शामिल होंगे, जो आगामी एक माह के भीतर वार्डों में भवन, दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का सर्वेक्षण पूर्ण करेंगे। इससे निगम को वर्तमान कर संग्रह की स्थिति स्पष्ट होगी और संभावित राजस्व वृद्धि का भी आकलन किया जा सकेगा। महापौर कोसरे ने कहा कि राजस्व डाटा की अद्यतन एवं वास्तविक जानकारी प्राप्त होने के बाद ही शहर के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर ठोस निर्णय लिए जा सकेंगे। यह सर्वे आगामी कर निर्धारण के लिए आधार बनेगा। निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत द्वारा सभी 40 वार्डों के लिए अलग-अलग सर्वेक्षण दलों का गठन कर आदेश जारी कर दिया गया है।

# बुजुर्गों के लिए सम्मान और स्नेह का आश्रय बना सियान सदन

भिलाई, 24 अगस्त । प्रकृति ने हर जीव को एक उद्देश्य दिया है। पक्षी अपने जीवन यापन के लिए दाने की खोज में दिनभर लड़ते हैं और अंततः अपने घोंसले लौट आते हैं। पशु भोजन की तलाश पूरी कर अपनी गुफाओं या कंदराओं में लौटते हैं। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन यापन पूरी करने के लिए श्रम और दायित्व पूरे करने के बाद घर लौटता है। घर ही सभी का वह सुरक्षित स्थान है जहाँ उसे सुकून और अपनापन मिलता है। लेकिन उम्र के बढ़ने के साथ एक समय ऐसा आता है जब इंसान समाज में सक्रिय योगदान देने की स्थिति में नहीं रह जाता और उम्र की आखरी पड़ाव में उसे सहारे की आवश्यकता होती है। आम तौर पर यह सहारा परिवार और



रिश्तेदार देते हैं, लेकिन यह सोचने का विषय है कि क्या कोई संस्था इस जिम्मेदारी को निभा सकती है? भिलाई इस्पात सियान सदन की 22 मई 2010 को स्थापना की गयी। आरंभ में यहाँ 20 डबल ऑक्यूपेंसी कमरे बनाए गए थे, जिनमें स्नानघर और रसोई की सुविधा है। शुरुआत में 16 बुजुर्गों ने इसे अपना आश्रय बनाया। जैसे-जैसे लोगों की संख्या बढ़ती गई, इसका विस्तार भी किया गया। 12 मार्च 2024 को कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सदन का वर्तमान स्वरूप में विस्तार किया और 10 डबल तथा 10 सिंगल ऑक्यूपेंसी कमरे और जोड़े। आज सियान सदन केवल रहने की जगह नहीं है, बल्कि एक ऐसा आशियाना है जहां बुजुर्ग गरिमा, सुरक्षा और अपनापन महसूस करते हैं। यहाँ उन्हें पौष्टिक और निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। हर महीने के पहले शनिवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के डॉक्टर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करते हैं। सभी आवश्यक सुविधाएँ बिस्तर, फ्रिज, कूलर, टेबल-कुर्सी और सुख-सुविधाओं की अन्य व्यवस्थाएँ उपलब्ध हैं। ताज़गी और आनंद के लिए सुंदर बाग-बगीचे बने हैं, जहाँ वे सैर करते हैं। उनके मनोरंजन के लिए समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# नगर सेवा विभाग ने स्वच्छ, सुंदर एवं अनुशासित नगर बनाने जनता से सहयोग की अपील की



भिलाई, 24 अगस्त । इस्पात नगरी की स्वच्छता, सौंदर्य एवं शासकीय संपत्ति की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अवैध बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स, होर्डिंग्स तथा प्रचार सामग्री के सख्त कदम उठाते हुए विगत दो दिन में इस्पात नगरी में सफाई करवाई है। नगर सेवा विभाग ने स्वच्छ और सुन्दर इस्पात नगरी बनाने की दिशा में जन सहयोग से अपील की है कि इस दिशा में सहयोग करते और जागरूक कदम उठाए। इस्पात नगरी में हर प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक दिवारो, पुल-पुलिया, होर्डिंग्स, बिजली के खंभों, साइन बोर्ड, सूचना बोर्ड, गार्डन, एटीएम, बाजारों में अव्यवस्थित रूप से अवैध प्रचार सामग्री लगाई जा रही हैं। निरंतर यह संख्या बढ़ती जा रही हैं। इससे न सिर्फ शहर गंदा, अव्यवस्थित होता है और इन प्रचार सामग्री से दुर्घटनाओं का हमेशा खतरा बना रहता हैं। इस दिशा में संयंत्र प्रबंधन और नगर सेवा विभाग ने अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने और कड़ी कार्यवाही करने का विचार किया जा रहा हैं। बिना अनुमति और अवैध रूप से शासकीय संपत्ति को नुकसान करने और हानि पहुंचाने की दृष्टि से लगाए जाने वाली अवैध प्रचार सामग्री, वाल पेंटिंग, होर्डिंग्स, बैनर, टैम्पलेट, पोस्टर लगाने वाले संस्थानों/व्यक्तियों पर कार्यवाही करने का विचार कर रही हैं। भिलाई टाउनशिप एक सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध नगर है, जिसे वर्षों की मेहनत और योजनागत विकास के माध्यम से आज एक आदर्श औद्योगिक नगरी का स्वरूप मिला है। यहां की स्वच्छ सड़कें, हरियाली से भरपूर उद्यान, सुव्यवस्थित सेक्टर और साफ-सुथरे सार्वजनिक स्थल न केवल स्थानीय निवासियों के लिए एक आदर्श जीवनशैली प्रदान करते हैं, बल्कि भिलाई की पहचान भी हैं। अवैध प्रचार सामग्री इन मूलभूत व्यवस्था को प्रभावित करने के साथ-साथ सार्वजनिक सौंदर्य को नुकसान पहुंचाती है।

# वैशाली नगर कॉलेज में किया गया ब्रिज कोर्स का आयोजन




भिलाई, 23 अगस्त । इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में ब्रिज कोर्स का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा एम.ए. प्रथम वर्ष के अंग्रेजी विद्यार्थियों के लिए 7-दिवसीय ब्रिज कोर्स का आयोजन किया गया। ये सत्र विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, विभागीय गतिविधियों और शैक्षणिक अपेक्षाओं से परिचित कराने के लिए आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कविताएँ सुनाकर अपनी साहित्यिक उत्साह और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस गतिविधि ने उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने और एक मज़बूत शैक्षणिक और सांस्कृतिक आधार स्थापित करने में मदद की। सत्र की शोभा प्राचार्या डॉ. अलका मेश्राम, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मेरिली रॉय और डॉ. रवींद्र छाबड़ा ने अपने व्यावहारिक और प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। यह ब्रिज कोर्स नए प्रवेशार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, क्योंकि इसने उन्हें शैक्षणिक अभिविन्यास के साथ-साथ अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का एक मंच भी प्रदान किया। इस कोर्स में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

# सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम अरुण साव से सभापति श्याम शर्मा ने की मुलाकात



दुर्ग, 24 अगस्त। नगर पालिक निगम।आज सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम श्री अरुण साव से सभापति श्याम शर्मा ने पार्षदों के साथ सौजन्य मुलाकात कर मांग पत्र सौप कर विकास कार्य राशि हेतु निवेदन किया,उन्होंने विकास कार्यों हेतु राशि आबंटन को लेकर डिप्टी सीएम से चर्चा की।इस दौरान काशीराम कोसरे,मनीष साहू,कुलेश्वर साहू,कमल देवांगन,संजय अग्रवाल,गुलशन साहू,रेशमा सोनकर,गुलाब वर्मा,मनोज सोनी,सरस निर्मलकर,जितेंद्र ताम्रकार,मंडल अध्यक्ष कमलेश फोखर सहित आदि मौजूद रहें।

सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि शहर के समग्र विकास कार्यों को गति देने एवं नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन से विभिन्न मदों से राशि आबंटन की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्युत सामग्री उपलब्ध न होने से वार्डों एवं प्रमुख मार्गों की प्रकाश व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अनेक स्थानों पर अंधेरे की स्थिति बन रही है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने है कि राशि स्वीकृत होते ही प्राथमिकता के आधार पर विद्युत सामग्री खरीदी जाएगी और सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि पर्याप्त एवं व्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था से नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा।इसी प्रकार तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण का विषय भी निगम की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। तालाब केवल जल-संरक्षण के साधन ही नहीं, बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। इनका विकास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि शहर की सुंदरता में भी वृद्धि करेगा। नगर निगम ने शासन को पूर्व में इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था, और अब पुनः आवश्यक राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया है। सभापति श्याम शर्मा ने कहा शहरवासियों की सुविधा और विकास ही नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में विद्युत सामग्री के अभाव के कारण प्रकाश व्यवस्था प्रभावित है। यह स्थिति नागरिकों के लिए कठिनाईपूर्ण है, जिसे दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। हमने शासन से अनुरोध किया है कि शीघ्र राशि आबंटन कर निगम को उपलब्ध कराया जाए। जैसे ही राशि प्राप्त होगी, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।इसी प्रकार तालाब हमारे शहर की पहचान और धरोहर हैं। इनका संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम ने इस दिशा में गंभीर प्रयास शुरू किए हैं। हम चाहते हैं कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित व्यवस्था और सौंदर्यपूर्ण शहर मिले। निगम प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगीसभापति ने यह भी कहा कि नागरिकों से प्राप्त सुझाव और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी वार्डों में विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। उनका स्पष्ट कहना था कि शासन से अपेक्षित राशि स्वीकृत होते ही दुर्ग शहर के तालाबों और प्रकाश व्यवस्था दोनों में सकारात्मक बदलाव शीघ्र दिखाई देगा।उन्होंने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करना ही निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् की प्रादेशिक बैठक 25 को

भिलाई, 24 अगस्त । अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक आगामी 25 अगस्त को अम्बा देवी मंदिर सदर बाजार रायपुर में प्रातः 10 बजे आयोजित की गई है। बैठक में जिला से आने वाली संख्या प्रदेश महामंत्री महेंद्र साव को अनिवार्य रूप से सूचना देंगे। बैठक में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री प्रदीप गौर बैठक में हर समय उपस्थित रहेंगे। बैठक में ही जिला पदाधिकारी की घोषणा होनी है। यह बैठक सभी पदाधिकारी के लिए महत्वपूर्ण है। दुर्ग जिला मीडिया प्रभारी विजय कुमार उईके ने बैठक में समय से अनिवार्य रूप से पहुंचने की अपील की है।

### जोगनीपाली में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

महासमुंद, 24 अगस्त । ग्राम जोगनीपाली में शनिवार को किसानों के बीच ड्रोन तकनीक के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव कर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सरायपाली श्री जितेंद्र पटेल ने किसानों को पारंपरिक यूरिया के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया के लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषक श्री अमृत पटेल, भोगलाल चौधरी, नेहरू चौधरी, चुम्बन लाल, बाबूलाल चौधरी, फागु लाल, शिवप्रसाद, वासुदेव साहू, गणेश साहू सहित लगभग 30 किसान उपस्थित रहे। किसानों को नैनो यूरिया के प्रयोग से लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और पर्यावरणीय लाभों के बारे में अवगत कराया गया।



## महापौर एवं पार्षदों सहित अधिकारियों ने लिया स्वच्छता का प्रशिक्षण

# इंदौर के जनप्रतिनिधि बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर का नहीं करते उपयोग



भिलाई, 24 अगस्त । नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य, समस्त पार्षद गण एवं अधिकारी सहित मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता का द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं। बेसिक्स के प्रतिनिधि गुलाब नागर द्वारा अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया । योगेन्द्र दीक्षित द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर गार्बेज कलेक्शन कंट्रोल रूम का अवलोकन कराते हुए जानकारी दिया गया। 22 जोन के 85 वार्ड में कचरा इकट्ठा करने हेतु संचालित वाहनों का नियंत्रण यहां से होता है । इसके लिए कंट्रोल सेंटर में 22 कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया है, जिसके माध्यम से कचरा वाहनों का मॉनिटरिंग किया जाता है । योगेन्द्र दीक्षित द्वारा आई सी सी सी (इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ) से किस प्रकार जीपीएस के माध्यम से डिजिटल प्रणाली के द्वारा चलने वाले इंदौर नगर निगम की कचरा गड़ियों की मॉनिटरिंग की जाती है और उनकी रिपोर्ट बनाई जाती है, का जानकारी दिया गया है। यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। होर्डिंग में व्यय होने वाले राशि का उपयोग पुण्य कार्यों एवं जरूरतमंद गरीबों के सहायता के लिए किया जाता है। जिससे सफाई करने वालों के नाम की अतिरिक बोझ नहीं बढ़ता और उनको हटाने के लिए निगम का अतिरिक्त व्यय नहीं होता है। बिना अनुमति के बेतरतीब बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर और होर्डिंग लगाने से शहर की खूबसूरती में कमी आती है, जिसको इंदौर निगम ने अपना नियम बनाकर नियंत्रित किया है। निगम स्वामित्व परिसंपत्तियों के देखरेख, नया टैक्स, जुर्माना एवं निगम के विकास सहित संचालन हेतु इंदौर नगर निगम का अपना नियम है। नगर निगम के प्रावधानों को कड़ाई से पालन करने हेतु पक्ष एवं विपक्ष सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिलता है। इंदौर में नगर निगम के विरुद्ध कार्य करने वाले को किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी का सहयोग नहीं मिलता है, उनके ऊपर सीधा पेनाल्टी या कार्यवाही होती है। उद्यान में ऑन साइट कम्पोस्टिंग का अवलोकन किया गया, उद्यान का कचरा जिसे उद्यान में ही कम्पोस्ट खाद बनाया जाता है। स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, मन्नान गफ्फार खान, वरिष्ठ पार्षद महेश वर्मा, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्य, महापौर परिषद सदस्य केशव चौबे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जालंधर सिंह, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण एवं पी आई यू, एवं शहर के सभी पार्षद उपस्थित रहे।

### विशेष तिथियों पर पशुवध गृह एवं मांस विक्रय दुकानें रहेंगी बंद

भिलाई, 23 अगस्त । नगर निगम भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन तिथियों में बंद रहेंगी। शासन से जारी आदेश के तहत गणेश चतुर्थी 27 अगस्त दिन बुधवार, पयूर्षण पर्व प्रथम दिवस 28 अगस्त दिन गुरूवार, डोल ग्यारस 03 सितम्बर दिन बुधवार, अनंत चतुर्दशी 06 सितम्बर दिन शनिवार, पयूर्षण पर्व का अंतिम दिवस 08 सितम्बर दिन सोमवार एवं महात्मा गांधी जयंती 02 अक्टूबर दिन गुरूवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है।

# पर्यूषण पर्व उत्तम है : मुनि वीरभद्र विराग

## माता त्रिशला के सपनों की बोली लगी, जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** पर्यूषण पर्व के पांचवें दिन जैन बगीचे के नए हाल में माता त्रिशला के 14 सपनों की बोली लगी। जैन समाज के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्व के पांचवें दिनविनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने अपने प्रवचन में कहा कि पर्यूषण पर्व उत्तम है। यह पर्व हमें अपने द्वारा साल भर किए गए कर्मों का मनन करने के लिए आता है। हमने मन, काया एवं वचन से किसी को दुख पहुंचा तो उसके लिए क्षमा मांगने का यह उचित अवसर है। उन्होंने कहा कि हमसे कोई क्षमा मांगता है तो उसे दिल से क्षमा करें।

मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि कुछ घटनाएं ऐसी होती है जिससे कुछ लोगों को आनंद आता है और कुछ लोग दुखी हो जाते हैं। सुख दुख को ध्यान से हटाकर हमें आराधना की ओर ध्यान देना होगा तभी हमारे भाव मजबूत होंगे। हमें इस भव ( संसार) में ही इतनी साधना कर लेनी है कि हम आत्म



कल्याण के मार्ग की ओर आगे बढ़ जाएं। कुछ पाने के लिए प्रतिदिन स्वाध्याय करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आप साधु के पास जाते हैं तो सिर्फ स्वाध्याय के लिए जाओ, किसी अन्य काम के लिए मत जाओ।

प्रवचन के बाद माता त्रिशला के 14 सपनों की बोली लगी। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस बोली में जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस बोली का संचालन सकल जैन समाज के अध्यक्ष मनोज बैद, भंवर लाल जी जैन, रितेश लोढ़ा, भावेश बैद, राजेश कोटडिया आदि ने किया, जबकि ज्यादा बोली लगाकर सपनों का सामान लेने वाले परिवारों का बहुमान प्रभात कोटडिया एवं मेहुल कोटडिया द्वारा तिलक लगाकर किया गया। यह जानकारी चातुर्मास समिति के संयोजक प्रदीप गोलछा (जैन बुक डिपो), आकाश चोपड़ा ने दी।

### फिट इंडिया मिशन : संडे ऑन द साइकिल अभियान

# पुलिस स्टाफ व बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में 24 अगस्त को प्रातः 07.30 बजे से बलौदाबाजार नगर में फिट इंडिया मिशन कार्यक्रम के तहत संडे ऑन द साइकिल अभियान का एक विशेष संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज संदेश को फिटनेस एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में आम जनों को जागरुक एवं अवगत कराने हेतु साइकिल रैली का




आयोजन किया गया। उक्त साइकिल रैली बलौदाबाजार नगर में चक्रपाणि स्कूल से प्रारंभ कर अंबेडकर चौक बलौदाबाजार में समाप्त किया गया। सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य सप्ताह में कम से कम एक दिन रविवार को साइकिलिंग से फिटनेस को हमारी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना है। उक्त साइकिल रैली मेंहेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर सहित पुलिस पुलिस कार्यालय, रक्षित केंद्र से पुलिस स्टाफ शिक्षक एवं स्कूली बच्चों सहित 70 की संख्या में लोग शामिल हुए।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर में 17 यूनिट रक्त किया गया संग्रहित



**बलौदाबाजार, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी एवं प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कसडोल के सयुंक्त तत्वावधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 17 यूनिट रक्तदान किया गया। इसमें 14पुरुष और 3 महिला हैं। बताया गया कि 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। शिविर में डॉक्टर जितेंद्र कुमार, अंशुल सिंग, राजेन्द्र कुमार घिर्रे, कृष्णा यादव ने जिला अस्पताल से आवश्यक सहयोग किया।

### जिले में अब तक 602.9 मिमी वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 23 अगस्त 2025 तक 602.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 791.6 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 486.6 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील टुण्डरा 776.6 मिमी, पलारी में 694.2 मिमी, भाटापारा 608 मिमी, लवन 527.9मिमी., सोनाखान 570.9 मिमी, सिमगा 561.1मिमी एवं बलौदाबाजार 509.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 23 अगस्त 2025 को 61.5मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 6.8 मि.मी.है। तहसीलवार में टुण्डरा 7.5 मिमी, सोनाखान 3 मिमी, लवन 5 मिमी, भाटापारा 9.5 मिमी, कसडोल 7.6मिमी, सुहेला 7मिमी, पलारी 8.5 मिमी, बलौदाबाजार 3, मिमी एवं सिमगा10.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**साल्हेवारा, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सूचक राजू राम वर्मा पिता शत्रुहन वर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी देवपुराधाट थाना साल्हेवारा द्वारा डायल 112 में सूचना दिया कि चतरेला जंगल बंजारी मंदिर के आगे रोड किनारे अज्ञात व्यक्ति पडा हुआ है कि सूचना पर हमराह स्टाफघटना रथल पहुंचकर अज्ञात व्यवित रोड किनारे पडा मिला। चेक करने पर मृत निकला अज्ञात गृतक पुरूष उम्र करीबन 45-50 वर्ष के परिजनों का आसपास पूछताछ कर पता तलाश करने पर पता नहीं चला। मृतक का हुलिया उंचाई 5 फिट 2 इंच, रंग काला, बाल काला चेहरा चपटा हुआ . दाढी मूँछ अधपका, नीले रंग का अंडरवियर जिर पर अंग्रेजी में आर के.जी लिखा हुआ, गुलाबी रंग का गमछा शेष बदन पर कोई 'कपडा नहीं है। .थाना साल्हेवारा में मर्ग क्रमांक 16/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच पंचनामा में लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देकर चोट पहुंचाने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तुलसी कुमार बंजारे निवासी खोरसीनाला पनगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने मामा के घर के सामने खड़ा था, कि इसी समय आरोपी डोमन द्वारा उसे अस्लील गाली गलौज किया जा रहा था, जिसे मना करने पर आरोपी द्वारा आवेश में आकर, जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े ईंट से प्रार्थी के सिर में वार कर दिया। इसके कुछ देर बाद आरोपी द्वारा अपने घर से लोहे का हंसिया लाकर प्रार्थी के बाएं हाथ में वार किया है, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटे आई हैं। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 810/2025 धारा 296, 351(2), 118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी को अस्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट एवं लोहे की हंसिया से वारकर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में बनाया जाएगा

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन : शर्मा

- जिले में 2 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बनाएं जायेंगे 7 महतारी सदन
- 166 महतारी सदन के लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए जारी
- अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति, 50 से अधिक पूर्ण
- कमरा, बरामदा, हाल, किचन, स्टोररूम, पेयजल के लिए ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी होंगी सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्रीविजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्रीविजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। राजनांदगांव जिले में 30-30 लाख रूपए कुल 2 करोड़ 10 लाख रूपए की




लागत से ग्रामीण क्षेत्रों में 7 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी, डीलापहरी, टेड़ेसरा एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमरदा तथा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अर्जुनी, मोहड़, मोहारा में महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्रीविजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 30 लाख रूपए होगी।

### 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरूआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है एवं 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

### तीजा त्योहार के पूर्व महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयों को साड़ी का वितरण



**राजनांदगांव, 24 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम द्वारा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता दीदीयो को समय समय पर वर्दी, साड़ी, रैन कोट के अलावा अन्य सुरक्षागत सामग्री का वितरण किया जाता है। इसी कडी में आज तीजा त्योहार के पूर्व महापौरमधुसूदन यादव एवं आयुक्तअतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्षटोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्षसंतोष पिल्ले के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो व पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम के महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयो को साड़ी का वितरण किया।

महापौरयादव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ के पारंपरिक त्योहार तीजा के पूर्व आज महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयो को साडी का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी नगर निगम की प्रमुख कडी है, इनके कारण ही हमारा शहर स्वच्छ एवं साफरहता है, और हम स्वच्छ वातारण में निवास करते है। उन्होंने कहा कि आप लोगो की मेहनत से ही इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में गत वर्ष प्राप्त 79 से 65 छलांग मार इस वर्ष 14वॉ स्थान प्राप्त किये, आप सब इसी प्रकार मेहनत करे जिससे आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान मिल सके। उन्होंने सभी महिला सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता दीदीयो को तीज पर्व की बधाई देते हुये, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आयुक्तविश्वकर्मा ने कहा कि हमारे सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदीयो के सफाई कार्य को देखते हुये इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इन्हें साड़ी, वर्दी, रैन कोट, बूट तथा अन्य सुरक्षा के सामग्री का वितरण नगर निगम द्वारा समय समय पर किया जाता है, ताकि ये अपने दायित्वों का बिना कोई परेशानी के कुशलता पूर्वक निर्वहन कर सके।

## कलेक्टर ने नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में बन रहे प्रयास आवासीय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया

- कलेक्टर ने नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण
- अकादमिक कैम्पस में शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** जिले में नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय इस वर्ष से प्रारंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से इसी सत्र में 500 सीटर नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव प्रारंभ करने हेतु 43 लाख 90 हजार रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कलेक्टरडॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज नवनिर्मित एजुकेशन हब परिसर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अकादमिक कैम्पस में शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के पूर्ण होने से विद्यार्थियों की शिक्षा सुचारू तरीके से प्रारंभ की जा सकेगी। उन्होंने मिशन मोड में रेलिंग, पेंट एवं पुट्टी, इंटर लॉकिंग, एल्युमिनियम सेक्शन एवं दरवाजा लगाने का कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने हॉस्टल के पीछे गर्ल्स हास्टल के पास बाउन्ड्रीवाल निर्माण के लिए प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अध्ययन कक्ष, प्राचार्य कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, कम्प्यूटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## अशांति फैलाने वालों को किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देषन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांवपुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहू के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में अषांति एवं लोक शांति को भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार कर माननीय अनुविभागीय दण्डाधिकारीराजनांदगांव के समक्ष पेष कर जेल दाखिल किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेष साहु, म.प्र.आर.खुषबु



नागवंषी, आरक्षक राकेष ठावरे, आरक्षक राकेष ध्रुवे की भुमिका सराहनीय रहा है।

## समाचार संक्षेप

### पीएम आवास निर्माण में तेजी लाने लगाई गई आवास चौपाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासो को तेजी से पूर्ण करने एवं हितग्राहियो को प्रोत्साहित करने हेतु पंचायतों में प्रत्येक गुरुवार को आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आवास चौपाल में अप्रारम्भ या अपूर्ण आवासो की सूची का पठन एवं आवास अपूर्णता के कारणों की जानकारी हितग्राहियो से लेकर पूर्ण कराने प्रेरित किया जा रहा है।आवास निर्माण हेतु सामग्री क्रय तथा तकनीकी पहलुओं की जानकारी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की जानकारी दिया जा रहा है। इसके साथ ही किसी हितग्राही को आवास निर्माण में कोई दिक्कत होने पर उसका समाधान किया जा रहा है।

### बांस शिल्पकला बनेगा कमार और बसोड़ परिवारों के सशक्तिकरण का जरिया



- असम के बांस शिल्प विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लेकर बन रहे दक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** बांस शिल्प को आजीविका से जोड़कर कमार और बसोड परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने वन विभाग द्वारा पारंपरिक बांस आधारित शिल्पकला एवं बांस आभूषणों के निर्माण संबंधी कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन बारनवापारा में किया जा रहा है।वन मण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में असम गुवाहाटी के बांस कला विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 36 हितग्राहियों को 02 चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें ग्राम बल्दाकछार से 06, ठाकुरदिया से 14 एवं बारनवापारा से 16 प्रशिक्षणर्थी शामिल हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम मूल रूप से विशेष पिछड़ी जनजातियों के आजीविका के संसाधनों में पारंपरिक मूल्यों को संजोकर वृद्धि करना है।

प्रशिक्षण के पश्चात हितग्राही परिवारों द्वारा निर्मित बांस के आभूषणों एवं शिल्पकला को प्रदेश के साथ -साथ देश के विभिन्न स्थानों पर भी इसे विक्रय करने की योजना बनाया जाना प्रस्तावित है द्य इस प्रशिक्षण का आयोजन हितग्राहियों को दक्ष करने के साथ साथ विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### जुआ-सट्टा मामले में दस आरोपी गिरफ्तार, सट्टा-पट्टी व नकद जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारियों को सट्टा खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत् थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 1900/-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 1790 /-रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना लालबाग पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 950/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 1000/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी 180/-रूपये जप्त। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास नगदी रकम 1420/रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम



600/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त, सुरगी पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी 1140/-रूपये व 1 नग सट्टा पट्टी जप्त। इस प्रकार जिले में आज दिनांक 23.08.2025 को कुल 10 प्रकरणों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 8800/रूपये नगद एवं 12 नग सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।

### जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस लगातार आयोजित कर रही साइबर जागरूकता शिविर

# स्कूली बच्चों, आम लोगों को बताए गए साइबर अपराध से बचाव व सावधानी के तरीके

- ग्राम घटमडवा, गिधौरी एवं नगर पंचायत पलारी में लगाया गया शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 24 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न प्रकार के ठगी से बचाव हेतु आम जनों के मध्य लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अगस्त को



थाना गिधौरी एवं पलारी पुलिस द्वारा क्रमशः ग्राम घटमडवा, गिधौरी एवं नगर पंचायत पलारी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित स्कूली बच्चों एवं आमजनों को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराध के संबंध में समझाइस देते हुए बतलाया गया कि, किसी भी प्रकार के लोक लुभावने स्कीम के लालच में नहीं आने, किसी भी अजनबी काल को अटेंड नहीं करने, किसी अनाधिकृत लिंक को टच न करने, अपनी बैंक डिटेल की जानकारी किसी भी अजनबी व्यक्ति को नहीं देने आदि के संबंध में तथा किसी प्रकार से भी सायबर ठगी हो जाने पर तत्काल 1930 पर कॉल करके पूरी जानकारी देने हेतु विस्तृत रूप से बताया गया।

### सिरियाडीह, हथबंद, बया व करहीबाजार स्कूल, पंचायत भवन में भी लगाया गया शिविर

इसी प्रकार थाना लवन, हथबंद, चौकी करहीबाजार एवं बया पुलिस द्वारा क्रमशः ग्राम हथबंद स्थित स्कूल में तथा ग्राम, सिरियाडीह, करहीबाजार एवं ग्राम बया स्थित पंचायत भवन में साइबर



जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित स्कूली बच्चों एवं आमजनों को साइबर अपराधों से सावधान रहने एवं उनसे बचाव के तरीकों को विस्तृत रूप में बताया गया।

## संपादकीय

### लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच खिचीं सियासी तलवारें

चुनाव नतीजों को सहज स्वीकार करना चुनावी लोकतंत्र के टिकाऊ होने की बुनियादी शर्त है। इसी से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तातंरण संभव होता है। इन स्थितियों के अभाव में अनगिनत देशों को राजनीतिक अशांति और उथल-पुथल से गुजरना पड़ा है। मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता का है, लेकिन इस प्रश्न ने निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच सियासी जंग का रूप ले लिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, जिसका एक आक्रामक रूप रविवार को देखने को मिला, जब एकतरफ बिहार में सासाराम से महागठबंधन ने आयोग को निशाने पर रखते हुए वोटर अधिकार यात्रा शुरू की, वहीं निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी से मिलीभगत का इल्जाम लगाया, तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह अजीब चुनौती पेश कर दी कि मतदाता सूचियों में हेरफेर संबंधी अपने आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हफ्ते भर के अंदर आयोग के सामने हलफनामा नहीं दिया, तो उनके सारे इल्जाम गलत माने जाएंगे। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच सियासी तलवारें खिचें, यह स्वाभाविक घटनाक्रम है। लेकिन किसी एक राजनीतिक पक्ष के निशाने पर कोई संवैधानिक संस्था आ जाए, तो उसे व्यवस्था के गहराते संकट के रूप में ही देखा जाएगा। अब सूरत यह है कि विपक्ष और उसके समर्थकों की निगाह में हर वैसे चुनाव का नतीजा संदिग्ध होगा, जिसमें वे विजयी ना हुए हों। उस स्थिति में उनका यही दावा होगा कि "चुनाव को चुरा लिया गया। दूसरी तरफ निर्वाचन आयोग ऐसे आरोप को ठुकरा देगा और केंद्र में सत्ताधारी पार्टी उसके बचाव में आ खड़ी होगी।धीरे-धीरे यह रुझान भारतीय लोकतंत्र की साख को क्षीण करता जाएगा। चुनाव नतीजों को सहज स्वीकार करना चुनावी लोकतंत्र के टिकाऊ होने की बुनियादी शर्त है। इसी से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तातंरण संभव होता है। इन स्थितियों के अभाव में अनगिनत देशों को राजनीतिक अशांति और उथल-पुथल से गुजरना पड़ा है। भारत में वैसी आशंका को हर हाल में टाला जाना चाहिए।

# भाषा के नाम पर बांटने की चाल से पार होगी चुनावी वैतरणी?

**अमित शर्मा**

देश में इस समय SIR, वोटर लिस्ट पर मचे सियासी शोर की आड़ में चुपके से एक खिचड़ी पक रही है। 'भाषाई अस्मिता' के नाम पर एक बार फिर बांटने की कोशिश हो रही है। पश्चिम बंगाल इस बार प्रयोगशाला बन रहा है और ममता बनर्जी इसकी अगुवा। 2026 के चुनावों से पहले किया जा रहा यह प्रयोग बंगाल में अशांति के बीज बो सकता है। राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याओं और अत्याचार जैसी घटनाओं को भड़काने में आग में घी का काम कर सकता है। ममता बनर्जी भले ही इसे भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों के कथित उत्पीड़न और बंगाली अस्मिता से जोड़ने की कोशिश कर रही हों लेकिन उनके दावे की हककीत, ऐसे अभियानों के पीछे की राजनीतिक मंशा और संभावित परिणामों पर विचार करना बेहद जरूरी है। दरअसल पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में ममता बनर्जी द्वारा साल भर पहले ही बंगाली भाषा कार्ड को हथियार क्यों बनाया है उसके पीछे की मंशा समझना मुश्किल नहीं। ममता बनर्जी की बंगाली अस्मिता पर आधारित मुहिम अब भाषा से आगे बढ़कर सिनेमा तक पहुंच गई है। नेताओं को सिर्फ़ बंगाली में भाषण देने के आदेश के बाद तृणमूल कांग्रेस सरकार ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के सभी सिनेमाघरों में प्राइम टाइम के दौरान कम से कम एक बंगाली फिल्म अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाएगी। इस अभियान से स्पष्ट है कि ममता बनर्जी भाषा के नाम पर अतिवाद और बांटने की चाल को चुनावी वैतरणी पार करने में बड़ा हथियार मान रही हैं। लेकिन गंभीर सवाल यह है कि इसके परिणाम क्या होंगे? इसे समझने के लिए ममता के बयानों से इतर और असल आंकड़ों पर गौर करना होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा इस अभियान के पीछे बांग्लाभाषियों के कथित उत्पीड़न को बाताया गया। ऐसे में ममता बनर्जी के इन दावों की हकीकत जानने के लिए यह जानना भी बेहद जरूरी है कि क्या वाकई बंगाल के लोगों का भाषा के नाम पर उत्पीड़न हो रहा है या यह अभियान सिर्फ बांटने का प्रयोगभर है? ऊपर उठाए गए सवालों के जवाब तक पंहुचने से पहले बंगाली भाषा की देश में स्थिति को जानना जरूरी है। 2011 की जनगढ़ना के मुताबिक भारत में बंगाली मातृभाषा (first) बोलने वालों की संख्या लगभग 97,237,669 है, जो कुल जनसंख्या का 8.03% है। बंगाली भाषा को केवल मातृभाषा न मानकर यदि इसे किसी अन्य क्रम में बोलने वालों को भी शामिल किया जाए तो कुल संख्या बढ़कर करीब 107.47 लाख (10.75 करोड़) हो जाती है। इस तरह बंगाली हिन्दी के बाद भारत में दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। इतना ही नहीं इंटरनेट पर भी बंगाली भाषा की पहुंच बढ़ी है। KPMG-Nielsen के डेटा के अनुसार, 2021 तक इंटरनेट उपयोग करने वालों में 46% बंगाली भाषा उपयोगकर्ता हो सकते हैं। बात करें राज्यवार बंगाली भाषा की स्थिति का तो बंगाल के अलावा अन्य राज्यों में भी बंगाली भाषा बोली जाती है। असम की बराक वैली में 2.93 मिलियन लोग बंगाली भाषा बोलते हैं ये आंकड़ा वहां की जनसंख्या का 80.84% है। ब्रह्मपुत्र घाटी में 6.09 मिलियन लोग बंगाली भाषा बोलते हैं जो कि कुल जनसंख्या का 22.09% है। त्रिपुरा में 2.41 मिलियन लोग बंगाली बोलते हैं जो वहां कि जनसंख्या का 67.73% है। अंडमान व निकोबार में 1.08 लाख लोग बंगाली लिखते व बोलते हैं जो कि वहां कि जनसंख्या का 28.49 प्रतिशत हिसा है। देश की राजधानी दिल्ली में भी बंगाली भाषा बोलने वालों की संख्या अच्छी खासी है, लगभग 2.16 लाख लोग यहां गर्व से बंगाली बोलते हैं। यहां के कई इलाकों में बंगाली महत्वपूर्ण सांस्कृतिक विरासत है, खासकर चित्तरंजन पार्क जैसी बस्तियों में जो बंगाली संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। अब इसमें गौर करने वाली बात यह है कि जो आंकड़े दिए गए हैं उन सभी जगहों पर बीजेपी की ही सरकार है- असम, त्रिपुरा, दिल्ली में और अंडमान व निकोबार केंद्र शासति है। यानी ममता का यह कहना कि बीजेपी शासित राज्यों में बंगाली बोलने वालों पर अत्याचार होता है वह सत्य से कोसों दूर और काल्पनिक साबित होता है। अगर वाकई बंगाली बोलने वालों पर अत्याचार हो रहा होता तो संख्या कुछ और होती। अब आते हैं इसके संभावित परिणामों पर। बीते कुछ वर्षों में भारत में भाषा का प्रश्न केवल सांस्कृतिक पहचान का नहीं रह गया बल्कि कई बार यह राजनीति, क्षेत्रीय अस्मिता और सत्ता संघर्ष से जुड़कर ऐसे आंदोलनों में बदल जाता है जो हिंसा और भेदभाव का कारण बन जाता है। इसके कई उदाहरण हैं। भाषाई राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण तमिलनाडु है। आजादी के बाद जब सरकार ने हिंदी को धीरे-धीरे राजभाषा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए तो दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में इसका तीव्र विरोध हुआ। 1965 में जब हिंदी को राजभाषा बनाए जाने की समय-सीमा नजदीक आई तब व्यापक आंदोलन छिड़ गए। छात्रों ने आत्मदाह किए, पुलिस फायरिंग में कई लोग मारे गए। इस हिंसा ने उत्तर भारतीयों और हिंदीभाषियों के प्रति गहरी असुरक्षा और अविश्वास की भावना पैदा की। महाराष्ट्र में भाषा और क्षेत्रीय अस्मिता का प्रश्न मुंबई और रोजगार से जुड़ा रहा। 1960 में संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन ने मुंबई को महाराष्ट्र का हिस्सा बनाने की मांग की, जिसमें हिंसक झड़पें भी हुईं। इसके बाद शिवसेना ने 'मराठी मानुष' का नारा देकर पहले दक्षिण भारतीयों और फिर उत्तर भारतीय प्रवासियों को निशाना बनाया। हिंदीभाषी प्रवासियों पर हमले, दुकानों का बहिष्कार और रोजगार से बेदखली जैसी घटनाओं ने मुंबई जैसे महानगर में भाषाई भेदभाव की गहरी लकीर खींच दी। भारत में राज्यों का भाषाई आधार पर पुनर्गठन सबसे पहले आंध्र प्रदेश से शुरू हुआ। 1952 में पोट्टी श्रीरामुलु ने अलग तेलुगुभाषी राज्य की मांग को लेकर आमरण अनशन किया और उनकी मृत्यु के बाद 1953 में आंध्र राज्य का गठन हुआ।" हालांकि इससे अन्य राज्यों में भी भाषाई आंदोलनों की लहर दौड़ी। आगे चलकर तेलंगाना आंदोलन में भी तेलुगुभाषी समाज के भीतर क्षेत्रीय विभाजन गहराया, जिसने हिंसा और भेदभाव को जन्म दिया। पंजाब में भाषा और धर्म का प्रश्न गहराई से जुड़ा रहा। 1960 के दशक में पंजाबी को आधिकारिक दर्जा दिलाने के आंदोलन ने राज्य को विभाजित कर दिया। हिंदीभाषी इलाकों को हरियाणा और हिमाचल में अलग कर दिया गया। लेकिन इस भाषाई-सांस्कृतिक विभाजन ने बाद में अलगाववाद और आतंकवाद को भी अप्रत्यक्ष रूप से हवा दी। पंजाबी बनाम हिंदी का विवाद केवल प्रशासनिक निर्णय तक नहीं रहा बल्कि सामाजिक वैमनस्य और अविश्वास का आधार और राजनीतिक हथियार बनता गया।

## राशिफल

मेष आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको उम्मीद से ज्यादा धन मिलने से खुशी होगी और किसी के साथ पार्टनरशिप भी बेहतर रहेगी। आप संतान को किसी ने कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक रूप से आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, तब वह भी दूर होगी। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। विरोधियों से आप कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपका कोई करीबी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके कामों में आगे बढ़ें। आपके परिवार में चल रही समस्याएं आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी।

मिथुन आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आप सोच समझकर कामों में आगे बढ़ें, क्योंकि आपकी जल्दबाजी की आदत के कारण आप कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर अक्समात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को ट्रांसफर मिलने से मन काफी खुश रहेगा। आप अपनी वाणी और व्यवहार में बदलाव लाएं, क्योंकि लोग आपसे जोड़ेंगे, नहीं तो वह दूरियां बना सकते हैं।

कर्क आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आप मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे। राजनीति में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से मन काफी खुश होगा। आप किसी से किए हुए वादे को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। आपका कोई मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है। वैवाहिक जीवन में आपसी प्रेम बना रहेगा। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आपको किसी काम को लेकर मनमर्जी नहीं चलानी है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। विद्यार्थियों को भौतिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

कन्या आज के दिन आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट के मिलने से काफी खुशियां रहेगी। कारोबार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा दूरी बनाकर रखनी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपका अपनी माताजी की सेहत में गिरावट आने से मन परेशान रहेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपके कामों में कुछ रुकावट आएंगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी। आपकी कला और कौशल में निखार आएगा। बॉस के दिए गए सुझावों पर अमल अवश्य करेंगे। पिताजी का भी आपको कामो में पूरा सहयोग मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी। आप अपने कामों को लेकर मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य बनाए रखना होगा। सेहत में यदि कोई समस्या चल रही है, तो आप उसे नजरअंदाज बिल्कुल ना करें। आपको काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है, वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपको अपने काम को लेकर यदि कोई आइडिया आये, तो आप उसे तुरंत अपने बिजनेस में न लगाएं, जिससे कि आने वाले समय में आपकी योजनाएं बेहतर लाभ दें।

धनु आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने से खुशी होगी। उनके मान सम्मान में भी वृद्धि होगी। कोर्ट-कचहरी से कोई संबंधित कोई मामला आपको परेशानी दे रहा था, तो वह भी दूर होगा। इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपका कोई पुराना लेन-देन आपके लिए समस्या बन सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

मकर आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपके रिश्ते में नयापन आएगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपने यदि किसी योजना में धन लगाया था, तो आपको उसमें उम्मीद से ज्यादा धन मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। बिजनेस में आप कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। सरकारी योजनाओं में निवेश करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आप किसी अजनबी की बातों में ना आए। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश कर सकता है। बच्चों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। भगवान के भक्ति में आपका खूब लगेगा। दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने में संकोच न करें।

मीन आज का दिन आपके लिए शांतिपूर्वक कामों को करने के लिए रहेगा। आप जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। आपके सामने काम को लेकर कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपको उनमें अच्छी सफलता मिलेगी। जिससे आपका मन भी काफी खुश होगा। पारिवारिक रिश्तों में आपको स्थिरता बनाए रखनी होगी। आपको किसी मनचाही सफलता के मिलने से परिवार के सदस्य भी काफी खुश होंगे। नौकरी को लेकर इधर-उधर भटक रहे लोगों के कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

# जीएसटी दरों में बदलाव:आत्मनिर्भर, सशक्त और न्यायपूर्ण व्यवस्था की ओर कदम !

**सुनील कुमार महला**



सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में बड़े बदलाव कर आम जनता को राहत देने की घोषणा की गई थी और अब इस क्रम में केंद्र सरकार को जीएसटी में 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को हटाने की राज्यों के मंत्रियों की समिति (जीओएम) से भी मंजूरी मिल गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जीएसटी दरों में कटौती और जनहित में लिए गए फैसले निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता के लिए राहत लेकर आए हैं।सच तो यह है कि जब सरकार जनता की जरूरतों और महँगाई के दबाव को ध्यान में रखकर कर दरों को कम करती है, तो इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों को भी मिलता है। बहरहाल,यह बात बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि फ्रांस को विश्व में जीएसटी का जनक कहा जाता है, क्योंकि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) लागू करने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश था।बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि 2016 में संसद के दोनों सदनों द्वारा संवैधानिक (122वाँ संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद वस्तु और सेवा कर व्यवस्था लागू हुई थी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) भारत में वस्तुओं और सेवाओं के निर्माण, बिक्री और उपभोग पर अप्रत्यक्ष कर है,जो हमारे देश में 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ था। गौरतलब है कि वस्तु एवं सेवा कर(जीएसटी) को 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के माध्यम से पेश किया गया था तथा यह देश के सबसे बड़े अप्रत्यक्ष कर सुधारों में से एक है। इसे 'वन नेशन वन टैक्स' के नारे के साथ पेश किया गया था।यह भी उल्लेखनीय है कि जीएसटी में उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्द्धित कर (वैट), सेवा कर, विलासिता कर आदि जैसे अप्रत्यक्ष करों को सम्मिलित किया गया है। दरअसल, जीएसटी कर के व्यापक प्रभाव या कर के भार को कम करता है , जो अंतिम उपभोक्ता पर भारित होता है। जीएसटी का महत्व या फायदा यह है कि इससे एक साझा राष्ट्रीय बाजार का निर्माण होता है। विदेशी निवेश और 'मेक इन इंडिया' अभियान को बढ़ावा मिलता है।केंद्र और राज्यों तथा केंद्रशासित राज्यों के बीच कानूनों, प्रक्रियाओं और कर की दरों में सामंजस्य स्थापित होता है। टैक्स चोरी हतोत्साहित होती है। टैक्स सिस्टम को निश्चितता मिलती है तथा भ्रष्टाचार में भी कभी आती है। इससे निर्यात और विनिर्माण गतिविधि को बढ़ावा मिलता है, अधिक रोज़गार पैदा होते हैं और इस प्रकार लाभकारी रोज़गार के साथ सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होती है ,जिससे वास्तविक आर्थिक विकास होता है।बहरहाल, पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने वाला भारत का पहला राज्य असम था, जिसने 12 अगस्त 2016 को जीएसटी बिल को मंजूरी दी थी. यह विधेयक सर्वसम्मति से असम विधानसभा में पारित किया गया था, जिससे असम जीएसटी को अपनाने वाला पहला राज्य बन गया। हाल फिलहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जब किसी देश में जीएसटी दरें अधिक होती हैं, तो इसके कई नकारात्मक असर दिखाई देते हैं।मसलन, महंगाई बढ़ती है।ऊँची दरों से वस्तुएँ और सेवाएँ महँगी हो जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को ज़्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जब चीज़ें महँगी होती हैं तो लोग उनकी खरीद कम कर देते हैं और इसका असर व्यापार और उद्योग पर पड़ता है।छोटे कारोबारियों पर दबाव बढ़ता है।

दरअसल, ऊँचे टैक्स के कारण उत्पादन लागत बढ़ती है। छोटे और मझोले व्यापारी प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाते। जीएसटी अधिक होने से काला बाज़ारी और टैक्स चोरी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। अधिक दरें अक्सर लोगों को टैक्स से बचने के लिए अवैध रास्ते अपनाने पर मजबूर करती हैं। हालांकि, जीएसटी में वृद्धि सरकार के लिए सकारात्मक पहलू है। मसलन, जीएसटी दरों में वृद्धि से राजस्व में वृद्धि होती है। ऊँची दरों से सरकार को ज़्यादा टैक्स मिलता है, जिसका इस्तेमाल विकास और कल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकता है। इतना ही नहीं,महँगी वस्तुओं की खपत पर नियंत्रण होता है।विलासिता की वस्तुओं (लग्ज़री गुड्स) पर ऊँचे जीएसटी से उनकी खपत कम होती है, जिससे समाज में संतुलन बना रहता है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि जीएसटी दरों के अधिक होने से उपभोक्ता महँगाई का बोझ झेलते हैं, व्यापार पर असर पड़ता है, लेकिन सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होता है। बहरहाल, जीएसटी दरों में कटौती का सरकार का यह फैसला महँगाई नियंत्रण, व्यापार सुगमता और उपभोग वृद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा सकता है। इससे जहाँ आम नागरिकों को रोजमर्रा की वस्तुएँ सस्ती मिलेंगी, वहीं व्यापारिक जगत में मांग भी बढ़ेगी। कर संरचना सरल होने से छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत पहुँचेगी। इससे न केवल लोगों की जेब पर बोझ कम होगा, बल्कि अर्थव्यवस्था में भी नई गति आएगी। सरकार के इस निर्णय से अब लगभग 90 फीसदी वस्तुएं सस्ती हो जायेंगी। हालांकि, विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसदी कर( महंगी कारों जैसे अल्ट्रा लग्जरी (विलासिता) उत्पादों पर 40 फीसदी के अतिरिक्त भी कर) होगा, लेकिन जीएसटी दरों में बदलाव से मध्य वर्ग, किसानों और एमएसएमई( सुक्ष्म ,लघु और मध्यम उद्यम) को निश्चित ही बड़ी राहत मिलेगी। अच्छी बात है कि राज्यों के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब पांच और 18 फीसदी रखने के केंद्र के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। अब मामले को जीएसटी परिषद की अगली बैठक में रखा जाएगा, जो इस पर अंतिम फैसला करेगी। पाठकों को बताता चलूं कि जीएसटी बदलाव के बाद जिन 99 फीसदी वस्तुओं पर पहले 12 फीसदी कर लगता था, वे सभी अब 5 फीसदी वाले स्लैब में आ जाएंगी। इसी तरह, 28 फीसदी स्लैब वाली 90 फीसदी वस्तुएं 10 फीसदी सस्ती हो जाएंगी। जीएसटी के दो स्लैब 5 व 18 फीसदी होने से न सिर्फ रोजमर्रा एवं अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें घटेंगी, बल्कि मांग और खपत को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, राजस्व नुकसान व भरपाई को लेकर भी चिंताएं जताई गई हैं।इस संदर्भ में यह भी कहा गया है कि राज्यों के राजस्व की सुरक्षा तय करते हुए दरें तर्कसंगत बनानी चाहिए, अन्यथा गरीब, मध्य वर्ग और बुनियादी परियोजनाओं के साथ कल्याणकारी योजनाओं को नुकसान होगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जीएसटी दरों में कमी के चलते नमकीन, टूथपेस्ट, साबुन, दवाएं आदि सस्ती होंगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इन पर टैक्स 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी होगा। दरअसल, 12 फीसदी जीएसटी वाली 99 फीसदी वस्तुओं के पांच फीसदी के दायरे में आने से सूखे मेवे, ब्रांडेड नमकीन, टूथ पाउडर, टूथपेस्ट, साबुन, हेयर ऑयल, सामान्य एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक दवाएं, प्रोसेस्ड फूड, स्नैक्स, फ्रोजन सब्जियां, कंडेंस्ड दूध, कुछ मोबाइल, कंप्यूटर, सिलाई मशीन, प्रेशर कुकर, गीजर जैसी चीजें सस्ती हो जाएंगी। अच्छी बात है कि इलेक्ट्रिक आयरन, वैक्यूम क्लीनर, 1,000 रुपये से अधिक के रेडीमेड कपड़े, 500 से 1,000 रुपये तक वाले जूते, वैक्सीन, एचआईवी/टीबी डायग्नोस्टिक किट, साइकिल, बर्तन पर भी टैक्स कम लगेगा तथा ज्योमेट्री बॉक्स, नक्शे, ग्लोब, ग्लेज्ड टाइल्स, प्री-फैब्रिकेटेड बिल्डिंग, वेंडिंग मशीन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन, कृषि मशीनरी, सोलर वॉटर हीटर जैसे उत्पादों भी पर भी 5% टैक्स हो जाएगा। सीमेंट, ब्यूटी प्रोडक्ट, चॉकलेट, रेडी-मिक्स कंक्रीट, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एसी, डिशवॉशर, निजी विमान, प्रोटीन कन्संट्रेट, चीनी सिरप, कॉफी कन्संट्रेट, प्लास्टिक प्रोडक्ट, रबर टायर, एल्युमिनियम फॉयल, टेम्पर्ड ग्लास, प्रिंटर, रेजर, मैनिक्योर किट आदि पर 28% से घटकर 18% टैक्स लगेगा। हालांकि,भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने रिपोर्ट में यह बात कही है कि, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से 1.98 लाख करोड़ रुपये की खपत को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इससे सरकार को हर वित्त वर्ष में 85,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो सकता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि अभी जीएसटी में चार स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी हैं। खाद्य पदार्थों पर या तो शून्य या पांच फीसदी जीएसटी लगता है, जबकि विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28 फीसदी कर लगता है। बहरहाल, यही कहूंगा कि जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) में दर कटौती और सरलता से जुड़ा फैसला देशवासियों के लिए राहत भरा है।सच तो यह है कि यह निर्णय भारत की आर्थिक मजबूती और जन-कल्याणकारी दृष्टिकोण दोनों का प्रतीक है। दूसरे शब्दों में हम यह बात कह सकते हैं कि यह पहल भारत को आर्थिक रूप से और अधिक आत्मनिर्भर, सशक्त और न्यायपूर्ण व्यवस्था की ओर अग्रसर करेगी।

## सू-दोकू-149

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.148 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# रोजमर्रा की इन आदतों से दवाओं के बिना भी कम की जा सकती है पीसीओडी ब्लोटिंग



प्रोसेस्ड फूड में सोडियम बहुत ज्यादा होता है। ज्यादा सोडियम पानी रोकता है और ब्लोटिंग बढ़ाता है। इसलिए कोशिश करें कि प्रोसेस्ड फूड जैसे चिप्स, फ्रोजन फूड और फास्ट फूड आदि से दूरी बनाएं। इसके अलावा खाने में ज्यादा नमक या अचार आदि का सेवन भी ना करें। पीसीओडी में कई तरह की समस्याओं जैसे वजन बढ़ने से लेकर मूड स्विंग्स तक का सामना करना पड़ता है। लेकिन इसके अलावा भी एक ऐसी समस्या है, जो आपको काफी परेशान कर सकती है और वह है ब्लोटिंग यानी पेट फूलना। पीसीओडी में जब ब्लोटिंग होती है तो आपको बहुत अधिक बैचेनी का अहसास होता है। इस स्थिति में अधिकतर महिलाएं दवाओं का सहारा लेती हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर बार आप सिर्फ और सिर्फ दवाओं पर ही निर्भर रहें। अगर आप अपने लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करती हैं और अपनी रोजमर्रा की आदतों को कुछ बदल देती हैं तो इससे भी आपको काफी लाइट और एनर्जेटिक महसूस होता है। हालांकि, इन बदलावों में सिर्फ आपका खान-पान ही शामिल नहीं है, बल्कि आप अपने दिन की शुरुआत कैसे करती हैं या स्ट्रेस को किस तरह मैनेज करती हैं, यह सब भी काफी मायने रखता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही रोजमर्रा की आदतों के बारे में बता रहे हैं, जो पीसीओडी ब्लोटिंग को कम करने में आपकी काफी मदद करेंगे-

**दिन की शुरुआत में लें नींबू पानी** -दिन की शुरुआत हमेशा नींबू पानी के साथ करें। इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस डालकर पीएं। इससे ना केवल शरीर के टॉक्सिन बाहर निकलते हैं, बल्कि डाइजेशन पर भी अच्छा असर पड़ता है, जिससे आपको ब्लोटिंग की शिकायत नहीं होती।

**नमक और प्रोसेस्ड फूड को करें कम** -प्रोसेस्ड फूड में सोडियम बहुत ज्यादा होता है। ज्यादा सोडियम पानी रोकता है और ब्लोटिंग बढ़ाता है। इसलिए कोशिश करें कि प्रोसेस्ड फूड जैसे चिप्स, फ्रोजन फूड और फास्ट फूड आदि से दूरी बनाएं। इसके अलावा खाने में ज्यादा नमक या अचार आदि का सेवन भी ना करें।

**हर्बल टी का करें सेवन**-अपनी डाइट में कई तरह की हर्बल टी जैसे सौंफ, पुदीना, अदरक या कैमोमाइल टी आदि का सेवन करें। इससे आपके डाइजेशन सिस्टम को काफी रिलैक्स मिलता है। ये ब्लोटिंग और गैस जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक है। हर्बल टी के अलावा पानी का सेवन भी भरपूर करें। पानी अतिरिक्त सोडियम को बाहर निकलता है और इससे आपको काफी आराम मिलता है।

**स्ट्रेस को करें मैनेज** -आपको शायद पता ना हो, लेकिन बहुत ज्यादा स्ट्रेस भी आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। दरअसल, स्ट्रेस हार्मोनल इम्बैलेंस बढ़ाता है, जिससे ब्लोटिंग होती है। इसलिए, इसे मैनेज करने के लिए ध्यान, डीप ब्रीदिंग व जर्नल लिखना आदि शुरू करें।

## एक नजर

### कलेक्टर ने जिले के सभी नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली

**दंतेवाड़ा, 24 अगस्त ।** संयुक्त जिला कार्यालय में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिले के सभी नगरीय निकायों, दंतेवाड़ा, गीदम, बड़े बचेली, बारसूर एवं किरंदुल, के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों एवं अभियंताओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी नगरीय क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के तहत प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन आवासों का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल शुरू किया जाकर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।बैठक में इसके अलावा नगरीय निकायों के विभिन्न मदों से संचालित अधोसंरचनात्मक कार्यों की समीक्षा भी की गई। इसमें जमीन आबंटन, सामुदायिक भवन निर्माण, अटल परिसर, आंगनवाड़ी भवन निर्माण, अहाता निर्माण, आकांक्षी शौचालय निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पालिका बाजार सौंदर्यीकरण, घाट निर्माण, शेड निर्माण, डोम शेड निर्माण, जैविक बाजार में प्लेटफॉर्म निर्माण जैसे कार्य शामिल रहे। इसके अतिरिक्त दंतेश्वरी तालाब के आसपास पाथवे (वॉकवे) निर्माण कार्य की भी जानकारी ली गई और इसे निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### हिरणों को सीतानदी टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया



**धमतरी,24 अगस्त।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक खूबसूरत नजारे का सामने आया है. यहां पर जंगल सफारी से हिरण का झुंड लाकर रिलीज किया गया है. रिलीज करने के बाद के नजारे को वन विभाग ने ड्रोन में कैद किया है.जंगल की ओर तेजी से भागे ड्रोन वीडियो में हिरणों का झुंड खुले आसमान और जंगल में दौड़ते नजर आ रहा है।इससे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की खूबसूरती और भी बढ़ गई है. 35 की संख्या में छोड़े गए हिरण दरअसल जंगल सफारी रायपुर से हिरण के झुंड को रिलीज किया गया है। टाइगर रिजर्व के उप निदेशक के अनुसार यहां 35 की संख्या में हिरणों को जंगलों में छोड़ा गया है। छोड़ते ही हिरण जंगलों में आजादी के साथ प्रवेश कर गए. एक के बाद एक हिरण झुंड में दौड़ते हुए जंगलों में घुस गए।

### शिक्षा मितान संविदा पद के लिए 28 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 24 अगस्त।** जिले के अन्तर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षा स्तर को सुधार करने हेतु जिले के विद्यालयों में विषयवार रिक्त एवं आवश्यक पदों के विरूद्ध शिक्षा मितान की व्यवस्था करने अंग्रेजी-9, गणित-19, भौतिकी-7, रसायन-4 एवं जीव विज्ञान-8 कुल-47 पदों पर विज्ञापन जारी किया गया है।

# वन अमले ने सागौन लकड़ी जब्त की पर तस्कर भाग गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 24 अगस्त।** जंगलों की सुरक्षा और तस्करी पर रोक लगाने की जिम्मेदारी उठाने वाले वन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। तारलागुड़ा फॉरेस्ट नाके पर विभाग की टीम ने तेलंगाना तस्करों द्वारा उपयोग की जा रही टवेरा वाहन क्रमांक एपी 36 एएस 5920 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन से 08 नग सागौन लट्ठे बरामद किए गए, जिनकी कुल मात्रा 0.586 घन मीटर है। इसकी बाजार कीमत लगभग 55,000 रुपये आंकी गई।

वन विभाग की सक्रियता से वाहन और सागौन लट्ठे जब्त कर लिया है, लेकिन तस्कर मौके से फरार हो गए। बरामद सागौन लट्ठों को भोपालपटनम डिपो में सुरक्षित रखा गया है और फरार तस्करों की तलाश की जा रही है।कार्रवाई सराहनीय है, लेकिन सवाल



यह है कि जब जंगल में लगातार सागौन के पेड़ काटे जा रहे हैं और हर बार सागौन लट्ठे, पारा और चिरान पकड़ा जा रहा है तो आखिर यह कटाई किसकी लापरवाही में हो रही है? क्या यह विभाग की नाकामी है, या फिर विभाग के संरक्षण में तस्करी का यह कारोबार चल रहा है?गौरतलब है कि हर इलाके में बिटगार्ड गार्ड की नियुक्ति की गई है। डेप्यूटी रेंजर, एसडीओ और डीएफओ इनकी सीधी जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र में पेड़ों और वन्यजीवों का संरक्षण करें। सालाना लाखों रुपये वेतन लेकर फॉरेस्ट गार्ड, अन्य कर्मचारी और अधिकारी जंगल की सुरक्षा के नाम पर पदस्थ हैं, मगर जमीनी स्तर पर न तो पेड़ों को बचाने की ईमानदारी दिख रही है और न ही वन्यजीवों की रक्षा हो रही है।तारलागुड़ा बार्डर पर सागौन लट्ठे, पारा और चिरान पहले भी कई बार पकड़ा जा चुका है। इसके बावजूद तस्करी का सिलसिला जारी है। सिर्फ तस्करों पर कार्रवाई करने से बात नहीं बनेगी, बल्कि वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी की जवाबदेही तय करना जरूरी है।जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन नतीजा सामने है पेड़ अब भी कट रहे हैं और तस्करी का खेल जारी है।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत बस्तर संवाद इतिहास, संस्कृति और बदलाव पर हुई परिचर्चा

**जगदलपुर, 24 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव के तहत शनिवार 23 अगस्त को लालबाग स्थित शौर्य भवन के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा बस्तर संवाद- इतिहास, संस्कृति और बदलाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। उक्त परिचर्चा में विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, महापौर संजय पाण्डे, नगर पालिक निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन सहित आईजी बस्तर सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन और विश्विद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, साहित्य, कला एवं पर्यटन से जुड़े विशिष्टजन आदि शामिल हुए।

## लंबित वेतन समझौता के लिए दिल्ली में बुलंद की आवाज
## बस्तर आगमन पर सांसद महेश कश्यप का आत्मीय स्वागत



**किरंदुल,24 अगस्त।** एनएमडीसी कर्मचारियों के 3 वर्ष 7 माह से लंबित पुनरीक्षित वेतनमान लागू कराने की दिशा में बस्तर सांसद महेश कश्यप की सार्थक पहल ने श्रमिकों को नई उम्मीद दी है।

खदान मजदूर संघ (बीएमएस) शाखा किरंदुल, बचेली एवं नगरनार मजदूर इस्पात संघ के आग्रह पर सांसद महेश कश्यप ने की त्वरित पहल।दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के निवास पर केंद्रीय इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी से की गहन चर्चा।सांसद ने वेतन समझौता लागू कराने हेतु पुरजोर तरीके से विषय रखा।इस्पात मंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए एनएमडीसी प्रबंधन की त्वरित बैठक दिल्ली में आहूत की। कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करने की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई शुरू। स्वागत एवं सम्मान नई दिल्ली से बस्तर लौटने पर सांसद महेश कश्यप एवं खदान मजदूर संघ के पदाधिकारी –बी. दिल्ली राव, महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, उपेंद्रनाथ त्रिपाठी – का जगदलपुर स्थित माँ दंतेश्वरी जहाजभाटा परिसर में नगरनार मजदूर इस्पात संघ (बीएमएस) के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस अवसर पर दुर्गा चरण, महेंद्र सिंह जॉन, दिनी सेठिया, रंजीत सेठिया, शेषानंद सेठिया, प्रशांत साहू, अखिलेश बघेल, बमाली सेठिया, कमलोचन, कमलेश समेत संघ के सभी सदस्यों ने सांसद का आभार व्यक्त किया और श्रमिक हित में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम की सराहना की।

# कन्या छात्रावास की छात्रा की जहर खाने से हुई मौत

### पुलिस जुटी जांच में, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास दंतेवाड़ा का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 24 अगस्त।** मुख्यालय में स्थित प्री मैट्रिक अजजा कन्या छात्रावास की एक छात्रा की विगत दिनों जहरखुरानी के बाद इलाज के दौरान मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। दंतेवाड़ा पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच पुछताछ में जुटी है।

घटना इस प्रकार है कि नगर के 01 नंबर वार्ड में मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित प्री मैट्रिक अजजा कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही आठवीं कक्षा की एक छात्रा जो दुगेली की रहने वाली है के द्वारा चुहामार दवाई का सेवन किया था। हालत बिगड़ने के बाद उसे आनन



फानन में 9 अगस्त की रात को डिमरापाल के मेडिकल कालेज में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान ही पीडित छात्रा की मौत अगली सुबह 4 बजे के करीब हो गई थी। जीरो में मामला कायम कर विवेचना पूर्ण करने के बाद जगदलपुर कोतवाली से मामला दंतेवाड़ा कोतवाली में आया जिसके बाद 20 अगस्त को दंतेवाड़ा कोतवाली में मर्ग कायम हुआ। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले में हमारी जांच पुछताछ अभी जारी है। मृतका छात्रा के गांव दुगेली जाकर उनके परिजनों से भी पुछताछ की गई है। चुंकि मामला नाबालिक छात्रा से जुड़ा हुआ है लिहाजा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सूक्ष्मता से इसकी गहन जांच पड़ताल हो रही है। उन्होने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही इस विषय आगे की कारवाई सुनिश्चित होगी। बहरहाल मामला कन्या छात्रावास की एक नाबालिक छात्रा से जुड़ा हुआ है इसलिए पुलिस इस मामले पर फूंक फूंककर अपने कदम आगे बढ़ा रही है। देखने वाली बात होगी कि जांच में आगे क्या निकलकर आता है। आखिर एक छात्रा जो पढ़ने के लिए छात्रावास आती है और वो अचानक से जहर खाकर क्यों अपनी जान दे देती है क्या है इसके पीछे की असल वजह। घटना को जिसने भी सुना वो हतप्रभ है। एक परिवार की बच्ची हमेशा के लिए उनसे बिछड़ गई है। ऐसी घटनाओं के बाद से उन सैकड़ों अभिभावकों की चिंताएं भी बढ़ गई है जिनके बच्चे दूर दराज के हॉस्टलों में रहकर पढ़ाई करते हैं।

# पुलिस ने 11 रसूखदार लोगों को जुआ खेलते पकड़ा





**भिलाई,24 अगस्त।** भिलाई थाना वैशाली नगर पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही किया है। ताश की 52 पत्तियों में रूपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने वाले 11 रसूखदार जुआरी इस कार्यवाही में पकड़े गए हैं। आरोपियों से 10 नग मोबाईल एवं नगद 2 लाख 18 हजार रूपए जप्त किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है बीते रात मुखबीर से सूचना मिली कि रामनगर जलाराम केटर्स के पीछे कुछ लोग ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ पैसों की हार जीत का दांव लगाकर खेल रहे हैं। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तत्काल थाना वैशाली नगर एवं भिलाई नगर की टीम के साथ भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी द्वारा रेड किया गया। जहां पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे आरोपी भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर सभी जुआरियों को पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में गोपाल कुमार अग्रवाल निवासी शॉप 12 जोन-2 खुर्सीपार भिलाई, प्रदीप लाया निवासी सड़क 18 बी स्मृति नगर, ए.के जैन निवासी शांति नगर सड़क न 3 मकान 222 वैशाली नगर, बुधराम निर्मलकर निवासी पोलसाय पारा सत्यम बेकरी के पास दुर्ग, श मनोज सिंह निवासी ढांचा भवन जामुल, पवन कुमार निवासी ईडब्ल्यूएस 65 वैशाली नगर, अनुप कुमार धौटे निवासी आई/502 दिनदयाल कालोनी खम्हरिया स्मृति नगर, शंक गेडवानी निवासी संतरा बाड़ी नाला के पास मोहन नगर दुर्ग, विनोद अग्रवाल निवासी मकान न0-110 सड़क-3 शांति नगर वैशाली नगर, रोहन अग्रवाल निवासी हाउसिग बोर्ड थाना जामुल एवं राजेश निवासी केपीएस स्कुल के पास सुंदर नगर थाना वैशाली नगर शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 10 नग विभिन्न कम्पनियों के मोबाइल फोन, 52 पत्ती ताश एवं नगदी रकम 2 लाख 18 हजार रुपए को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया।

## 90 प्रतिशत भरा गंगरेल बांध, कभी भी छोड़ा जा सकता है महानदी में पानी

**रायपुर।** कैचमेंट एरिया में भरपूर बारिश से गंगरेल बांध लबालब हो चुका है। यहां क्षमता का 90 प्रतिशत पानी भर चुका है। पानी की आवक लगातार जारी है। बांध की सुरक्षा को देखते हुए कभी भी महानदी में पानी छोड़ा जा सकता है। नदी के तटीय क्षेत्र के गांवों में मुनादी भी करवा दी गई है।मानसून के एक्टिव होने से प्रदेश के बड़े बांधों में एक रविशंकरसागर बांध (गंगरेल) का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बांध का पूर्ण जलभराव स्तर 348.70 मीटर है, जबकि शनिवार को यहां का जलस्तर 347.85 मीटर पहुंच गया था जो अधिकतम स्तर से मात्र 0.85 मीटर कम है।

पड़ोसी जिलों व राज्यों को भी सूचना-गंगरेल बांध का डाउनस्ट्रीम जलप्रवाह पड़ोसी जिला रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ सहित ओडिशा राज्य के संबलपुर जिले से होकर गुजरता है। बांध की स्थिति को देखते हुए संबंधित जिलों के कलेक्टरों को भी तत्काल सूचना भेजी गई है, ताकि वहां भी प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित की जा सके। जिले के आपदा प्रबंधन दल, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस बल को अलर्ट पर रखा गया है। संभावित बाढ़ की सूचना नागरिकों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल संदेश, समाचार पत्र, टीवी एवं रेडियो के माध्यम से जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## क्लास रूम में आए दुर्लभ फॉरेस्टन कैट स्नेक को रेस्क्यू के बाद जंगल में छोड़ा



**धमतरी, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नगरी ब्लाक अंतर्गत शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के क्लासरूम में सांप देखा गया.सांप क्लासरूम के दरवाजे के ऊपर था. क्लासरूम में मौजूद विद्यार्थियों ने ही इसका वीडियो बनाया और इसे रेस्क्यू कर बाहर जंगल मे छोड़ दिया. बताया जा रहा है कि जो सांप क्लास रूम में निकला वो दुर्लभ फॉरेस्टन कैट स्नेक था. इस प्रजाति के सांप को पहली बार देखकर कॉलेज के छात्र भी अचंभित रह गए. हालांकि समय रहते इसे बाहर निकालकर जंगल में छोड़ा गया. बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्र ने देखा सांप दरअसल जिले के नगरी क्षेत्र वनांचल में आता है यहां स्थित शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में सांप मिलने से हड़कंप मच गया. बीएससी फर्स्ट ईयर के क्लास क्रमांक 22 के दरवाजे के ऊपर खिड़की में एक 3 फीट लंबा फॉरेस्टन कैट स्नेक लटका हुआ मिला. घटना शनिवार को दोपहर के समय की है. जब कुछ छात्र कक्षा से बाहर निकल रहे थे, तब उन्हें सरसराहट की आवाज सुनाई दी. ऊपर देखने पर छात्रों को सांप दिखाई दिया।

# रेलवे डिपो में हाईटेंशन तार से झुलसा युवक

**बिलासपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रेलवे कोचिंग डिपो में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। वंदे भारत के एक्स्ट्रा कोच की धुलाई करते समय एक ठेका कर्मी युवक 133 हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। युवक को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया ग

घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में युवक दर्द से तड़पते हुए दिखाई दे रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक का नाम प्रताप बर्मन है, जो एक ठेका कंपनी के तहत काम कर रहा था। प्रताप कोच की सफाई कर रहा था, तभी अचानक किसी ने लाइन चालू कर दी।युवक का संपर्क ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार से हो गया। युवक जांजगीर-चांपा जिले का रहने वाला है। साथी कर्मचारियों ने कहा कि रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये घटना हुई है।कोच की धुलाई करते समय एक ठेका कर्मी युवक 133 हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया।युवक तार की चपेट में आते ही गिर पड़ा। उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया है।

युवक को गंभीर हालत में सिम्स लाया गया था, जहां से अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।प्रताप बर्मन का शरीर बुरी तरह झुलस गया है। गंभीर हालत में उस रेलवे अस्पताल लाया गया। उसकी हालत को देखते हुए सिम्स रेफर कर दिया है। घायल को दोपहर 2.20 बजे सिम्स के बर्न यूनिट में भर्ती किया गया। 3.45 बजे परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती किया।साथी ठेका कर्मचारी चरणदास का कहना है कि, हम वाटर टेस्टिंग करते हैं। रेलवे कर्मचारी मीणा सर ने कहा कि जैमर लग गया है। ऊपर चढ़ जाओ। हम ऊपर चढ़े तो बारिश होने लग गई। इसके बाद नीचे उतर गए।लेकिन मीणा सर ने कहा कि, दूसरे जगह काम करना है। काम खत्म करो और पाइप निकाल कर जल्दी ले आओ। जैमर का काम वही देखते हैं। उनके कहने पर ही हम ऊपर चढ़े। इस दौरान कर्मचारी हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया।पीड़ित के दोस्त अरुण सोनवानी ने बताया कि, मुझे कॉल आया कि एक्सीडेंट हो गया है। जब अस्पताल पहुंचा तो उसे रेलवे अस्पताल लेकर पहुंच गए थे। वहां पता चला कि 133 केवी लाइन बिजली तार की चपेट में आया है। सफाई करने के दौरान बिजली लाइन बंद कर दी जाती है, लेकिन उस दौरान सप्लाई चालू थी।वंदे भारत ट्रेन आने के चलते लाइन चालू कर दिया गया था, लेकिन इसकी सूचना इधर कर्मचारियों को नहीं दी गई है। इस घटना में ठेकेदार की लापरवाही है। उसने कर्मचारियों को सूचना नहीं दी की लाइन चालू है, दोस्त को पता होता तो हादसा नहीं होता।युवक को रेलवे अस्पताल से सिम्स रेफर किया गया था, जहां से परिजन उसे बेहतर इलाज अपोलो अस्पताल ले गए।रेलवे के सीनियरअनुराग सिंह ने कहा कि हादसे के बाद घायल के इलाज पर ध्यान दिया जा रहा है। हादसा क्यों और कैसे हुआ इसकी जांच के लिए सेफ्टी डिपार्टमेंट को निर्देशित किया गया है।

# बस्तर दशहरा की परंपरा, संस्कृति को संरक्षित करना हमारा दायित्व है:महेश कश्यप

**जगदलपुर 24 अगस्त ।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष श्री महेश कश्यप, महापौर श्री संजय पांडेय, नगर निगम सभापति श्री खेम सिह देवांगन, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के श्री कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी श्री उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर बस्तर श्री सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, अपर कलेक्टर नारायणपुर श्री पंचभोई, आयुक्त नगर पालिक निगम श्री प्रवीण वर्मा , तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव श्री रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया, जिसमें बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की सहमति मिली। इस अवसर पर सांसद श्री महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है, हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमे भी इस परंपरा- संस्कृति को संरक्षित करना है। संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है, दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का



निर्वहन करते है यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। दशहरा पर्व के ऐतिहासिक स्थलों का राजस्व रिकार्ड के आधार पर संरक्षित किया जाना है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के शासन द्वारा दी गई बजट के अलावा स्थानीय स्तर राष्ट्रीय कंपनियों से भी बजट की राशि बढ़ाने के लिए चर्चा किया गया है। बस्तर के पर्यटन स्थलों को अब यूनेस्को जैसी संस्थान द्वारा पुरस्कार दे रही है, पर्यटक बस्तर दशहरा के साथ सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे, ये पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है । दशहरा पर्व के इस बार संभाग के सातों जिलों से देवी देवताओं का आगमन हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन के साथ चर्चा की जाएगी । इस दौरान माटी पुजारी श्री कमलचंद भंजदेव व ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इस पर्व में विशेष भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादारों की रिक्त पदों भर्ती सभी करवाने की पहल करने की मांग की। साथ ही देवी देवताओं का आश्रय स्थल की व्यवस्था पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा। इस अवसर पर मांझी-चालाकियों ने भी बस्तर दशहरा की सभी परंपराओं के नियमानुसार पालन तथा इसके सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन के लिए सुझाव दिए।महापौर श्री संजय पांडेय ने कहा कि बस्तर दशहरा हमारे शहर की सांस्कृतिक विरासत है।इस पर्व को देखने और जानने के लिए देश दुनिया के पर्यटक आते हैं, पर्यटकों को अतिथि देवों भव- के रूप में स्वागत के लिए जगदलपुर तैयार है ।बैठक में कलेक्टर श्री हरिस एस ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विगत वर्ष के समान ही इस वर्ष में भी भव्य रूप से दशहरा को मनाया जाएगा । उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के उपयोग की गई बजट और वर्ष 2025 बस्तर दशहरा आयोजन के लिए आबंटित बजट की जानकारी दी।

कार्यक्रम में बस्तर दशहरा समिति के सचिव एवं तहसीलदार द्वारा बस्तर दशहरा महोत्सव की प्रमुख तिथियों और विधानों की जानकारी दी गई ।नकटी सेमरा में दशहरा वन में एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओ के नाम से पौधरोपण बस्तर दशहरा के आयोजन समिति के बैठक के उपरांत अतिथि और मांझी, चालकी के द्वारा नकटी सेमरा में स्थित दशहरा वन स्थल में पौधरोपण किया गया। यह पौधें बस्तर दशहरा में उपयोग की जाने वाली लकड़ी फुल से संबंधित पौधों का रोपण किया गया है।

## राजनांदगांव में बच्चों के मनोरंजन के लिए अमेरिका का डिज्नीलैंड बनाया जा रहा



**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** संस्कारधानी राजनंदगांव एक शांत और सुंदर शहर है यहां परंपरागत त्यौहार भी मनाए जाते हैं साथ ही साथ परंपरागत खेल भी खेले जाते हैंराजनांदगांव सबसे ज्यादा प्रसिद्ध पहले तो हॉकी के लिए है यहां से तीन लोग ओलंपिक खेल चुके हैंऔर दूसरा राजनांदगांव गणेश की झांकी के लिए प्रसिद्ध है। 26 अगस्त से गणेश चतुर्थी के दिन राजनांदगांव के विभिन्न स्थानों में गणेश बैठेंगे। गणेश बैठने के लिए और झांकी के लिए लोग जमकर सहयोग करते हैं। सेवा समिति के वीरेंद्र चौहान ने बतायाइस बार राजनांदगांव में सहदेव नगर स्थित श्री सेवा समिति अमेरिका की तर्ज पर डिज्नीलैंड का निर्माण कर रहा है एक तरफ बच्चे गणेश जी का दर्शन करेंगे तो दूसरी तरफ सभी वर्ग के लोग डिज्नीलैंड का भी आनंद लेंगे राजनांदगांव की जनता इंतजार कर रही है कब गणेश चालू हो और डिज्नीलैंड देखने मिले । पिछले 42 वर्षो से श्री सेवा समिति गणेश और झांकी का निर्माण कर रही है

## लोरमी में श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश दिवस मनाया गया



**लोरमी,24 अगस्त।** सिख समाज ने स्थानीय गुरुद्वारा साहिब में 24 अगस्त को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर साध-संगत ने सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 4ः30 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश से हुई। संगत ने निर्धारित ड्रेस कोड के अनुसार, वीरों ने सफेद कुर्ता-पजामा एवं नीली पगड़ी तथा माताओं-बहनों ने सफेद वस्त्र व नीला दुपट्टा धारण किया। इसके उपरांत सुबह 5ः30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब पहुंचने के बाद सहज पाठ की समाप्ति एवं शब्द-कीर्तन का आयोजन किया गया।शब्द-कीर्तन उपरांत साध-संगत को नाश्ते की सेवा प्रदान की गई। रात्रि के विशेष दीवान में 8 बजे से 9ः30 बजे तक कीर्तन हुआ, जिसके बाद लंगर की सेवा रितु छाबड़ा एवं खामी परिवार की ओर से करवाई गई कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान अनिल सलूजा, उपप्रधान राजेंद्र सलूजा, अमन सलूजा, निक्की सलूजा, पूजा सलूजा, ममता सलूजा, सुदेश सलूजा, रेनू साहनी, अनीशा सलूजा, रविका सलूजा, चांदनी सलूजा, मोना उपवेज, अंजलि सलूजा, पप्पू छाबड़ा, लीना छाबड़ा, शुभई छाबड़ा, सोनी सलूजा, दलजीत सलूजा एवं शुभी सलूजा सहित बड़ी संख्या में संगत मौजूद रही।पूरे कार्यक्रम के दौरान गुरु की बाणी और कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा और संगत ने आपसी प्रेम, एकता एवं सेवा का संदेश दिया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत महतारी मेगा हेल्थ कैम्प में 109 महिलाओं की जांच

**जशपुरनगर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में महतारी मेगा हेल्थ कैम्पश् का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जहां चिकित्सकों द्वारा तत्समय जांच कर परामर्श करते हुए उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की। इस कैम्प में रक्तचाप, मधुमेह, मौसमी बुखार, जुखाम जैसी बीमारियों की जांच की गई। शिविर में कुल 109 महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच चिकित्सकों द्वारा की गई।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, पार्षदगण राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, शबनम खातून, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

### पतरापाली विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया

**सूरजपुर, 24 अगस्त ।** रामानुजनगर - आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

विद्यालय के शिक्षक योगेश कुमार साहू ने बताया कि भारत में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2023 में इस दिन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई ऊँचाई दिलाई थी।

यह उपलब्धि पूरे विश्व में भारत की वैज्ञानिक क्षमता का प्रमाण है। प्रतियोगिता में विजयी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे और भारत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

# हड़ताल खत्म, पटवारी कार्यालय के लिए 1100 रुपए स्वीकृत



**रायपुर।** ऑनलाइन काम का बहिष्कार कर आंदोलन कर रहे प्रदेशभर के पटवारी, विभाग से कारण बताओ नोटिस मिलने पर बैकफुट पर आ गए और अपना आंदोलन भी खत्म कर दिया। छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात की और अपना आंदोलन वापस लेने की उन्हें जानकारी दी।

इधर, राजस्व मंत्री ने भी पटवारियों को पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार प्रत्येक पटवारी कार्यालय के लिए 1100 रुपए की स्वीकृति दी। इसके साथ ही मंत्री ने पटवारियों से उम्मीद जताई है कि अब वे भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अब राजस्व संबंधी कार्य तेज गति से करेंगे। उन्होंने इस दौरान कहा कि जिओरिफ्रेंसिंग, एग्रीस्टेक, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा सकेगा।पटवारी नाखुश, कहा-850 रुपए ही बढ़ाए गए, 250 पहले ही मिलते थे।शासन ने प्रति पटवारी कार्यालय के लिए 11 सौ रुपए की स्वीकृति दी है, जिसे लेकर पटवारी नाखुश है। कुछ पटवारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इससे पहले उन्हें स्टेशनरी खर्च के लिए 250 रुपए मिलते थे। विभाग अब 11 सौ रुपए देगा। इस तरह 850 रुपए ही बढ़ाए गए हैं, जबकि 13 सौ रुपए देने का वादा किया था।

ऑनलाइन कार्य के लिए उचित संसाधन की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी 16 अगस्त से ऑनलाइन कार्य करना छोड़ दिए थे। इसके कारण वे कार्यालय में भी नहीं बैठ रहे थे। पटवारियों की हड़ताल के कारण खसरा-बी-वन, नक्शा, बटांकन अप्रूवल, रकबा सुधार, डिजिटल सिग्नेचर, फसल कटाई प्रयोग, डिजिटल सर्वे, गिरदावरी, धान बेचने का पंजीयन जैसे ऑनलाइन सारे कार्य ठप थे, जिसके कारण आम लोगों के साथ किसान भी परेशान हो रहे थे।शासन के निर्देश पर सभी जिलों में पदस्थ पटवारियों को ऑनलाइन काम का बहिष्कार हड़ताल को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यह -नोटिस 22 अगस्त को जारी किया था। इस नोटिस के माध्यम से सभी पटवारियों को तीन दिन के भीतर जवाब मांगा था तथा जवाब नहीं देने की स्थिति में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने पटवारियों को 11 सौ रुपए की सौगात देने के साथ चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राजस्व अधिकारियों को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण कार्य पूर्ण करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही या देरी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पटवारी कार्यालयों को सशक्त करने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही स्तर पर राजस्व कार्यों का त्वरित निपटारा संभव होगा।

## कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य जुआ खेलते पकड़े गए



**राजनांदगांव, 24 अगस्त।** राजनंदगांव जुआ एक सामाजिक बुराई है लेकिन शौकीन लोग सामाजिक बुराई करना नहीं छोड़ते हैं।

कभी जुआ के शौकीन पहाड़ों में जाकर जुआ खेलते हैं तो कभी जंगल में जाकर कुछ जुआ शौकीन नाव और जहाज में भी जुआ खेलते हैं।

और पुलिस इन पर लगातार नजर रखती है और इनको पकड़ने का काम करती हैकल रात में कांग्रेस नेता एवं दो बार के जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख जुआ खेलते राजनांदगांव के स्टेशन स्थित मयूर होटल में जुआ खेलते पकड़े गए। अंगेश्वर देशमुख के साथ चार अन्य लोग पकड़े गए सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल में छापेमारी की, जहाँ आरोपी ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में अंगेश्वर देशमुख (47, सोमनी), अलख साहू (64, महामाया चौक, बसंतपुर), जगदीश प्रसाद (66, गंज चौक) और अक्षय रायचा (43, सनसिटी कॉलोनी) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 17,670 रुपये नगद, 52 ताश के पत्ते और तीन मोबाइल फोन जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम

## प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी :डेका

**रायपुर, 24 अगस्त।** राज्यपाल मेन डेका ने कहा कि जलवायु परिवर्तन 21 वीं सदीं की सबसे बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है। जब हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। श्री डेका आज शनिवार को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई जलवायु परिवर्तन जर्नलिस्ट फोरम और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि धरती का तापमान असमान्य रूप से बढ़ रहा है, जिससे मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। ध्रुवीय क्षेत्रों की बर्फ तेजी से पिघल रही हैं, समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, अनियमित वर्षा, सूखा और विनाशकारी तूफानों की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण मानव जनित गतिविधियां, ग्रीन हॉउस गैसों का उत्सर्जन, वनों की अंधाधुंध कटाई और जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग है। वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड, मिथेन और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसों का स्तर तेजी से बढ़ रहा है जो धरती का तापमान बढ़ा रहा है।राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ भी इससे अछूता नहीं है। राज्य में तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, लू की तीव्रता और बाढ़ की घटनाएं बढ़ रही है। कोयला आधारित उद्योग, वनों की कटाई और रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग, ग्रीन हॉउस गैसों के उत्सर्जन को बढ़ा रहा है।

# कृषि मंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया 'पोरा तिहार'



**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार ''पोरा तिहार'' आज कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के निवास में धूमधाम और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। पोरा तिहार के इस पावन पर्व पर राज्यपाल श्री रमेन डेका शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों को पोरा तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है।

कार्यक्रम की शुरुआत में कृषि मंत्री श्री नेताम अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम के साथ भगवान शिव-पार्वती और भगवान स्वरूप नांदिया-बैला का पूजा-आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा आज पोरा तिहार है, जो छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। इसके साथ ही तीन दिन बाद तीजा है, जो सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शंकर के लिए तीजा का कठिन व्रत किया था। हमारी सरकार हर माह के पहले हफ्ते में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक-एक हजार रूपए उनके खातों में अंतरण कर महिलाओं का सम्मान बढ़ा रही है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के रास्ते पर चलते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार छत्तीसगढ़ के चंहुमुखी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेंद्र यादव, तकनीकि शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, श्री रोहित साहू, श्री मोतीलाल साहू, श्री इन्द्र कुमार साहू, सहित मंडल-निगम आयोग के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने में कहा कि आज हमारे साथी मंत्री श्री रामविचार भैया ने त्यौता देकर हमें पोरा मनाने अपने घर पर बुलाया है। पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और सामाजिक सद्भाव का पर्व हैं। हमारी सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पोरा तिहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार द्वारा पारंपरिक पर्वों को सम्मान एवं नए उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।कृषि मंत्री निवास को परंपरागत ग्रामीण परिवेश में विशेष रूप से सजाया गया था। पारंपरिक बैलगाड़ी, नंदिया-बैला और मिट्टी के खिलौने व बर्तन से सुसज्जित वातावरण ने ग्रामीण अंचल की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दी।

## देशभर के बुनकर संघों के एक हजार प्रतिनिधि जुटे



**रायपुर, 24 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

सहकार भारती द्वारा राजधानी रायपुर के जैनम मानस भवन में 23 अगस्त और 24 अगस्त को देश में पहली बार राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन किया गया है। इसमें 28 राज्यों से विभिन्न बुनकर संघों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न क्षेत्रों में सहकारिता को मजबूत करने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अधिवेशन की सफलता के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं भी दीं। विधायक श्री मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री केदार गुप्ता और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डेय भी उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।

### अंधेरे से उजाले की ओर

# लामपहाड़ में शिक्षा की नई भोर



**रायपुर, 24 अगस्त ।** विकास की मुख्यधारा से वर्षों तक वंचित रहा कोरबा जिले के पहाड़ी कोरवाओं का आश्रित ग्राम लामपहाड़ अब शिक्षा की रोशनी से आलोकित हो रहा है। घने जंगलों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बीच बसा यह क्षेत्र कभी शिक्षकविहीन विद्यालय के कारण बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना रहा था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण की पहल से यहाँ नियमित शिक्षकों की पदस्थापना हुई है, जिससे विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया सुचारु रूप से प्रारंभ हो गई है।लामपहाड़ ग्राम पंचायत बड़गांव का आश्रित ग्राम है, जहाँ विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा की आबादी अधिक है। पहले यहाँ शिक्षा की सुविधा सीमित होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित होती थी। विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका के पदोन्नति उपरांत अन्यत्र स्थानांतरण के कारण वर्षों तक नियमित शिक्षक उपलब्ध नहीं थे। शासन द्वारा की गई युक्तियुक्तकरण पहल ने इस समस्या का स्थायी समाधान प्रस्तुत किया है। अब प्राथमिक शाला में दो और माध्यमिक शाला में एक शिक्षक की नियुक्ति से यहाँ के बच्चों का भविष्य संवरने लगा है।प्राथमिक शाला में कुल 33 और माध्यमिक शाला में 19 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें अधिकांश पहाड़ी कोरवा समुदाय से हैं। प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्री कलेश्वर राम कटेला तथा माध्यमिक शाला में शिक्षक श्री दीपक यादव सहित अन्य शिक्षक नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि अब समय पर पढ़ाई होती है, शिक्षक पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहते हैं और मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत नाश्ता व भोजन की भी सुविधा मिल रही है

विद्यार्थिनी सुखशिला, फूलमती, संगीता, देवशीला और फुलमनिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें निरंतर पढ़ाई करने का अवसर मिल रहा है। उनके अभिभावक भी विद्यालय की निकटता और शिक्षकों की नियमित उपस्थिति से खुश हैं। लामपहाड़ में शिक्षा की यह नई सुबह न केवल पहाड़ी कोरवा बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है,

# रजत महोत्सव में जनजातियों के पारंपरिक व्यंजनों ने सभी लोगों का मन मोहा

**जशपुरनगर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत आज वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में आयोजित जशपुरिया जायका कार्यक्रम में लोगों को जशपुर की संस्कृति में रची बसी आदिवासी समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों को जानने और समझने का अवसर मिला। यहां पर जशपुर की स्थानीय जनजाति उरांव, गोंड, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, मुंडा, नगेशिया, कंवर, भूईहर, खैरवार और अगरिया जनजातियों के द्वारा प्रदर्शित की गई उनके पारंपरिक व्यंजनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

लोग इन व्यंजनों के बारे में जानने और समझने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। पौष्टिकता और स्वादिष्ट से भरपूर ये व्यंजन इन जनजातीय समुदाय की परंपरा, संस्कृति और जीवनशैली को भी प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने इन जनजातीय समुदायों द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक व्यंजनों का अवलोकन किया। उन्होंने इन व्यंजनों का स्वाद भी चखा और सराहना भी की।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में जनजातीय संस्कृति, खान-पान, पूजा पद्धति, पारंपरिक व्यंजनों को सहेजने पर जोर देते हुए कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आज के युवाओं को हमारी संस्कृति से परिचित कराने जशपुरिया जायका जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि तीजा, जितिया, सोहराई, करमा सहित अन्य त्योहारों में अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। त्योहारों के साथ ही विभिन्न पकवानों का आनंद हमारी परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। इन व्यंजनों के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का अवसर मिलता है।नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ अभी युवा है और तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जशपुर की कला-संस्कृति, खानपान और पारंपरिक व्यंजनों को हमें सहेजते हुए पूरी दुनिया को इसके विशेषताओं से परिचित कराना है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि यहां की जनजातीय समुदायों द्वारा बनाया गया व्यंजन काफी स्वादिष्ट और पौष्टिकता से भरपूर होता है। अन्य क्षेत्रों के लोगों को भी इसका स्वाद काफी भाता है। हर त्योहारों के अनुसार यहां पर अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं, जो कि यहां की समृद्ध संस्कृति को भी प्रदर्शित करता है।

जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने कहा कि जशपुरिया जायका कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों के महत्व के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताना है, ताकि यहां की संस्कृति और खानपान के बारे में पूरी दुनिया को जानकारी हो सके। इस अवसर पर पार्षदगण श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, श्रीमती कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, और शबनम खातून, एसडीएम श्री विश्वास राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय शर्मा, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## समाचार संक्षेप

### राजस्व प्रकरण निर्धारित समय में निराकरण करना अधिकारी सुनिश्चित करें : टंकराम



**रायपुर, 24 अगस्त।**राजस्व विभाग छत्तीसगढ़ ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजस्व कार्यों को गति देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा के नेतृत्व में विभाग ने पटवारी कार्यालयों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता हेतु प्रत्येक पटवारी कार्यालय के लिए 1100 रुपए की मंजूरी प्रदान की है। इस स्वीकृति से अब जिओरिफ्रेंसिंग, एग्रीस्टेक, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा सकेगा।राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राजस्व अधिकारियों को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण कार्य पूर्ण करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही या देरी को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पटवारी कार्यालयों को सशक्त करने से ग्रामीण और शहरी दोनों ही स्तर पर राजस्व कार्यों का त्वरित निपटारा संभव होगा।राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ ने अपनी प्रमुख मांगों के समाधान के बाद चल रहे ऑनलाइन बहिष्कार आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की है। संघ ने सरकार द्वारा त्वरित निर्णय लेने पर आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि राजस्व कार्यो का निराकरण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जाएंगे।राजस्व मंत्री के नेतृत्व में हुई इस सकारात्मक पहल से न केवल नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि विभागीय कार्यों में तकनीकी सुधार और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त ।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अम्बिकापुर लाइवलीहुड कॉलेज में विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था।कार्यक्रम में निगम सभापति श्री हरमिंदर सिंह टिन्नी, जनपद पंचायत सभापति श्री एलेक्जैंडर करकेटा, जनपद उपाध्यक्ष श्री सतीश यादव, श्री भारत सिंह सिसौदिया, श्री हरपाल सिंह भामरा, उपनिरीक्षक श्री अभय तिवारी और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री आलोक सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज श्री गिरीश गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। निर्णायक मंडल में शिक्षा विभाग के अधिकारी, बीआरसी, सीएससी के सदस्य और अन्य शिक्षकगण शामिल थेछात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रेष्ठ वक्ताओं को सम्मानित किया गया।

### डिजिटल फसल सर्वेक्षण के सत्यापन के लिए कृषि विस्तार अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 23 अगस्त ।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाना प्रस्तावित है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य किसानों की फसलों की सटीक और तकनीकी जानकारी एकत्रित करना है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य 15 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान खेतों में बोई गई फसलों की डिजिटल जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका पर्यवेक्षण और सत्यापन आई.डी. आधारित प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने आदेश जारी कर जिले के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी उनके संबंधित प्रभार क्षेत्रों में सत्यापन कार्य हेतु निर्धारित कर दी है। अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो, ताकि डेटा संग्रहण में कोई विलंब न हो और किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का समुचित लाभ मिल सके।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत सरगुजा में बेटियों की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, सरगुजा और महिला सशक्तिकरण केंद्र (मिशन शक्ति हब) के संयुक्त तत्वावधान में ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लखनपुर में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशन, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जगदेव राम प्रधान एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बसंत मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन हुआ।इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर आधारित निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में लैंगिक समानता, मासिक स्वच्छता, बाल विवाह, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, सखी वन स्टॉप सेंटर, वित्तीय साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही नशामुक्त सरगुजा बनाने का संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम में मिशन शक्ति हब की जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, साइबर सुरक्षा सेल से श्री विक्की गुप्ता और सुश्री श्रुति तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री शशिधर पांडे, शिक्षकगण एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### प्रदेश में अब तक 797.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 24 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 797.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1173.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 402.6 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 692.7 मि.मी., बलौदाबाजार में 602.9 मि.मी., गरियाबंद में 690.6 मि.मी., महासमुंद में 623.2 मि.मी. और धमतरी में 711.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 810.3 मि.मी., मुंगेली में 796.7 मि.मी., रायगढ़ में 958.8 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 687.1 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1005.0 मि.मी., सक्ती में 872.6 मि.मी., कोरबा में 794.9 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 754.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

## एक नजर

### बीसीसीआई का निर्देश नहीं मानेगा साउथ जोनः दलीप ट्रॉफी टीम में बदलाव नहीं

**बोर्ड ने सिराज-राहुल जैसे इंटरनेशनल प्लेयर्स को खिलाने को कहा था**

मुंबई, 24 अगस्त (एजेंसी)। साउथ जोन के सिलेक्टर्स बीसीसीआई के निर्देश के बावजूद अपनी दलीप ट्रॉफी टीम में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल क्रिकेटर्स को शामिल नहीं करेंगे। बोर्ड ने एक ईमेल के जरिए सभी स्टेट एसोसिएशन्स को निर्देश दिए थे कि वे अपने-अपने जोन की टीमों में केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों को भी शामिल करें। ये निर्देश तब जारी किए गए थे, जब साउथ जोन ने केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और साई सुदर्शन जैसे बड़े खिलाड़ियों को अपनी दलीप ट्रॉफी की टीम में जगह नहीं दी थी। दलीप ट्रॉफी का आयोजन 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। दलीप ट्रॉफी के रुतबे को बनाए रखने के लिए सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ियों को जोनल टीमों में चुना जाना जरूरी है। ऐसे में सभी जोन के संयोजकों से अनुरोध है कि वे यह तय करें कि सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए चुने जाएं। साउथ जोन ने 26 दिन पहले 27 जुलाई को सबसे पहले दलीप ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान किया था। उस टीम में देवदत्त पड्डीकल इकलौते ऐसे खिलाड़ी थे, जो टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं। बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल तिलक वर्मा को इस जोनल टीम का कप्तान बनाया गया था। हालांकि, जब साउथ जोन की टीम जारी हुई थी, तब बीसीसीआई के निर्देश नहीं आए थे। साउथ जोन की टीम ने 2023 में दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। उसने वेस्ट जोन को 75 रन से हराया था। इस कारण साउथ जोन की टीम मौजूदा सीजन में सीधे सेमीफाइनल मैच खेलेगी। यह मैच 4 से 7 सितंबर के बीच खेला जाएगा। इसी दौरान वेस्ट जोन दूसरे सेमीफाइनल में हिस्सा लेगी।

# डूरंड कप फुटबॉल : नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड लगातार दूसरी बार चैंपियन बना

## डायमंड हार्बर को 6-1 से हराया, 1.21 करोड़ रुपए ईनाम मिला



**कोलकाता, 24 अगस्त।** नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड ने 137 साल पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट में डूरंड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में डायमंड हार्बर को 6-1 से हराया। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड पिछले सीजन में भी चैंपियन बनी थी। कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में डिफेंडिंग चैंपियन की ओर से 6 गोल आए, जबकि इस टूर्नामेंट में डेब्यू कर रही डायमंड हार्बर की टीम एक गोल ही कर सकी। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड को रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपए की ईनामी राशि मिली। जो एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 134 एडिशन में सबसे ज्यादा है।

**टूर्नामेंट में फाइनल की सबसे बड़ी जीत :** नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड की टीम ने डूरंट कप के इतिहास में फाइनल की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। टीम ने मैच के पहले हाफ में ही 2 गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। 30वें मिनट में अशीर अख्तर ने पहला गोल दागा, जबकि 46 वें मिनट में प्रतीब गोगोई के गोल से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2-0 से आगे हो गया। दूसरा हाफ शुरू होते ही (51वीं मिनट में) थोई सिंह ने एक और गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। डायमंड हार्बर की ओर से एक मात्र गोल दूसरे हाफ के 60वें मिनट में लुका ने किया। फिर 80वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी जाइरो ने गोल कीपर को छकाते हुए शानदार गोल किया। इसके कुछ ही अंतर बाद 82वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी आंद्रेस जो ने एक और शानदार गोल करके टीम को 5-1 में पहुंचा दिया।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- 28 तक फुटबॉल विवाद का समाधान निकालें

सुप्रीम कोर्ट ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (FSDL) से विवाद सुलझाने को कहा है। दोनों संस्थान के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (MRA) से जुड़ी समस्या चल रही हैं। इसी वजह से इस सीजन इंडियन सुपर लीग (ISL) अब तक नहीं खेली गई हैं। लीग के 11 क्लबों ने AIFF को लिखकर बताया है कि वे बंद होने की कगार पर हैं। जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जॉयमल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए ढ्ढस्स्न और स्नस्ष्ठरु को निर्देश दिया कि वे आपस में चर्चा करें और 28 अगस्त (अगली सुनवाई की तारीख) तक कोई समाधान निकालें।

**AIFF और FSDL के बीच नया एग्रीमेंट नहीं हुआ :** ISL के 2025-26 सीजन को इसलिए रोका गया है क्योंकि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और आयोजनकर्ता कंपनी फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट का नया एग्रीमेंट नहीं हुआ है। FSDL और AIFF के बीच 15 साल का समझौता 2010 में हुआ था, जिसके तहत FSDL हर साल AIFF को 50 करोड़ रुपए देता है।

# चेतेश्वर पुजारा क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायर

■ दो साल से टीम से बाहर थे; सोशल मीडिया पर लिखा- हर अच्छी चीज का अंत होता है



**मुम्बई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी। पुजारा ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच जून 2023 (टेस्ट) में खेला था। उनका इंटरनेशनल करियर 15 साल का रहा। इंटरनेशनल क्रिकेट में पुजारा ने साल 2010 में डेब्यू किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में डेब्यू किया था, जो कि एक टेस्ट मैच था। टेस्ट क्रिकेट में पुजारा ने 103 मैच की 176 पारियों में 43.60 की औसत से 7,195 रन बनाए। इस दौरान 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 206 रन रहा है। हालांकि, वनडे में उन्होंने 5 मैच खेले और 10.20 की औसत के साथ कुल 51 रन बनाए थे, जिसमें उनका बेस्ट 27 रन था। वे कोई टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला नहीं खेल सके थे।

**मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं:** पुजारा ने लिखा, मैं BCCI और सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन को मेरे क्रिकेट करियर में मिले अवसर और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी टीमों, फ्रेंचाइजी और काउंटी टीमों का भी आभारी हूं जिनका मैं इतने सालों में प्रतिनिधित्व कर पाया हूं। मैं अपने गुरुओं, प्रशिक्षकों और आध्यात्मिक गुरु के अमूल्य मार्गदर्शन के बिना यहां तक नहीं पहुंच पाता। मैं उनका सदैव ऋणी रहूंगा।

### हर अच्छी चीज का अंत होता है


पोस्ट में लिखा, भारतीय जर्सी पहनना, राष्ट्रगान गाना और मैदान पर हर बार अपना बेस्ट प्रदर्शन करना एक ऐसा अनुभव था जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन जैसा कि कहते हैं, हर अच्छी चीज का अंत होता है। मैं दिल से आभारी हूं और सभी फॉर्मेट से क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

# साउथ अफ्रीका में होंगे 2027 वनडे वर्ल्डकप के 44 मैच

## नामीबिया-जिम्बाब्वे में 10 मुकाबले; सीएसए ने 8 शहरों का ऐलान किया

**दुबई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका (CSA) ने शनिवार को 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के 8 वैन्यू डिसाइड कर दिए हैं। इसके अनुसार, वर्ल्ड कप के 44 मुकाबले साउथ अफ्रीका के 8 शहरों में खेले जाएंगे, जबकि 10 मैचों का आयोजन नामीबिया-जिम्बाब्वे में होगा। साउथ अफ्रीका में होने वाले मुकाबले जोहान्सबर्ग, प्रिटोरिया, केप टाउन, डरबन, ग्केबरहा, ब्लोएमफोंटेन, ईस्ट लंदन और पार्ल में खेले जाएंगे।

CSA ने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए एक स्थानीय कमेटी का गठन भी किया है। वनडे वर्ल्ड कप का पिछला खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। कंगारु टीम ने 19 नवंबर 2023 में अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में मेजबान भारत को 6 विकेट से हराया था।



**नामीबिया को जगह बनाने के लिए क्वालिफायर खेलना होगा :** साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे की टीम मेजबान के तौर पर पहले से ही टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं, हालांकि नामीबिया को जगह बनाने के लिए अफ्रीकी क्वालिफायर से गुजरना होगा। बाकी टीमें आईसीसी वनडे रैंकिंग से तय होंगी। टॉप 8 टीमें सीधे क्वालिफाई करेंगी, जबकि आखिरी 4 देश ग्लोबल क्वालिफायर से मिलेंगे।

### टूर्नामेंट में 14 टीमें हिस्सा लेंगी

टूर्नामेंट दो ग्रुपों में खेला जाएगा, प्रत्येक ग्रुप में 7 टीमें होंगी। ग्रुप स्टेज में हर टीम अपने ग्रुप की बाकी सभी टीमों से मैच खेलेगी। हर ग्रुप की टॉप तीन टीमें सुपर सिक्स राउंड में जाएंगी। इसके बाद टॉप टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। आखिर में फाइनल के जरिए नए चैंपियन का फैसला होगा।

**5 ICC टूर्नामेंट होस्ट कर चुका है साउथ अफ्रीका:** साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी 2009, पहला टी20 वर्ल्ड कप 2007 और 2003 में वनडे वर्ल्ड कप को होस्ट किया है। इसके अलावा, साउथ अफ्रीका ने दो महिला वर्ल्ड कप भी सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं। 2005 का 50 ओवर वर्ल्ड कप और 2023 का टी20 वर्ल्ड कप, जिसमें प्रोटियाज टीम फाइनल तक पहुंची थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।

**सीएसए ने 2027 वर्ल्ड कप कमेटी बनाई:** साउथ अफ्रीका के पूर्व वित्त मंत्री ट्रेवर मैनुअल को 2027 क्रिकेट वर्ल्ड कप की लोकल ऑर्गनाइजिंग कमेटी का प्रमुख बनाया गया है। छ्र्र की चेयरपर्सन पर्ल माफोशे ने कहा, छ्र्र की सोच है कि हम एक ऐसा ग्लोबल और प्रेरणादायक इवेंट आयोजित करें, जो साउथ अफ्रीका की एकजुटता को दर्शाएगा।

### एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

# एलावेनिल-अर्जुन ने चीन को हराकर सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता



**शिमकेंट, 24 अगस्त (एजेंसी)।** कजाकिस्तान के शिमकेंट शहर में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में शनिवार को भारतीय शूटरों को सीनियर और जूनियर 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है। एलावेनिल वलारिवन और अर्जुन की जोड़ी ने सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चीन की जोड़ी पेंग शिनलु और लु डिंगके की जोड़ी को 13-11 से हरा कर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 27 टीमों के बीच 634.0 अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया। एलावेनिल ने 316.3 और अर्जुन ने 317.7 अंक बनाए। भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष और रुद्राक्ष पाटिल ने भी 632.6 अंक बनाकर दूसरा स्थान पाया। लेकिन नियमों के कारण मेहुली और रुद्राक्ष फाइनल में नहीं खेल सके।

**जूनियर टीम ने भी गोल्ड जीता:** जूनियर 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में नरैन प्रणव और शंभवी क्षीरसागर ने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने क्वालिफिकेशन में 629.5 अंक बनाकर तीसरा स्थान पाया। भारत की दूसरी जोड़ी इशा टक्साले और हिमांशु 628.6 अंक के साथ चौथे स्थान पर रही और फाइनल में जगह नहीं बना सकी। फाइनल में नरैन और शंभवी का मुकाबला चीन की जोड़ी तांग हुइकी और हान यिनान से हुआ। दोनों टीमें शुरुआती नौ सीरीज तक 9-9 की बराबरी पर थीं। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार 10 से ज्यादा अंक वाले शॉट्स लगाए और छह अंकों की बढ़त बना ली। आखिरी सीरीज में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

## व्यापार

### रिपोर्ट का दावाः अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी से भारतीय अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव नहीं

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफका भारतीय कंपनियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा। टेक्सटाइल और जेम एवं ज्वेलरी उद्योग पर इसका असर देखने को मिल सकता है। वहीं, मजबूत घरेलू मांग और टैरिफसे छूट के कारण फार्मास्यूटिकल्स, स्मार्टफोन और स्टील सेक्टर पर इसका कोई असर नहीं होगा। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में कहा गया कि कैपिटल गुड्स, केमिकल, ऑटोमोबाइल्स, फूड और बेवरेज निर्यात को टैरिफसे कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का मानना ??है कि मॉस्को के साथ नई दिल्ली के तेल व्यापार के जवाब में, 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर टैरिफको 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के अमेरिकी कदम के परिणाम एक समान नहीं होंगे। इस क्षेत्र में सबसे अधिक टैरिफहोगा और इससे भारत से अमेरिका जाने वाले कुल निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा। रेटिंग्स एजेंसी ने आगे कहा कि हालांकि, टैरिफमें वृद्धि का व्यापक आर्थिक प्रभाव भारत के घरेलू बाजार के बड़े आकार से कम हो जाएगा। मॉर्गन स्टेनली की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफबढ़ाने की धमकी से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के बीच, भारत एशिया में सबसे बेहतर स्थिति वाला देश है, क्योंकि देश का वस्तु निर्यात और जीडीपी अनुपात कम है।




# भारत ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना जारी रखेगा : विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिका द्वारा कुछ ही दिनों में भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाने की तैयारी के बीच, विदेश मंत्री (ईएएम) डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों का बचाव करते हुए कहा कि तेल खरीद से कीमतें स्थिर होकर राष्ट्रीय और वैश्विक हित साधते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना जारी रखेगा।

विदेश मंत्री जयशंकर ने उपस्थित लोगों से कहा, यह हास्यास्पद है कि जो लोग व्यापार-समर्थक अमेरिकी प्रशासन के लिए काम करते हैं, वे दूसरों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। अगर आपको भारत से तेल या रिफाइंड उत्पाद खरीदने में कोई समस्या है, तो उसे न खरीदें।



विदेश मंत्री ने कहा, कोई आपको इसे खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता। यूरोप और अमेरिका खरीदता है, इसलिए अगर आपको यह पसंद नहीं है तो इसे न खरीदें।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, 2022 में तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहरी चिंता थी। विदेश मंत्री ने कहा, उस समय कहा गया था कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना चाहता है तो उसे खरीदने दे, क्योंकि इससे कीमतें स्थिर होंगी। उन्होंने आगे कहा, भारत तेल की कीमतों को स्थिर करने के लिए तेल खरीद रहा है। हां, यह हमारे राष्ट्रीय हित में है, लेकिन यह वैश्विक हित में भी है।

इससे पहले, मॉस्को में एक प्रेस वार्ता के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि अमेरिका से भारत की तेल खरीद लगातार बढ़ रही है और भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं है। विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा, वह चीन है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं; वह यूरोपीय संघ है। हम वह देश नहीं हैं, 2022 के बाद रूस के साथ जिसके व्यापार में सबसे बड़ा उछाल आया। मुझे लगता है कि वे दक्षिण में कुछ देश हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम एक ऐसा देश हैं, जहां अमेरिकी पिछले कुछ वर्षों से कह रहे हैं कि हमें विश्व ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरीदना भी शामिल है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मीडिया को बताया, संयोग से, हम अमेरिका से भी तेल खरीदते हैं और यह मात्रा बढ़ी है। *(इनपुट-आईएएनएस)*

# यस बैंक में एसएमबीसी को 24.99% हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दी

**मुम्बई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** आरबीआई ने जापानी बैंक एसएमबीसी को यस बैंक में 24.99 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दी है, जिससे बैंक को विदेशी निवेश और वित्तीय मजबूती का बड़ा सहारा मिलेगा।

प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक ने शनिवार को ऐलान किया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने जापानी बैंक सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन को बैंक में 24.99 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी 22 अगस्त, 2025 को जारी एक पत्र के जरिए दी गई और यह एक साल तक वैध रहेगी। यस बैंक ने यह जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को दी, जिसमें बताया गया कि एसएमबीसी को इस सौदे के बाद बैंक का प्रमोटर नहीं माना जाएगा।




इससे पहले मई 2025 में यस बैंक ने बताया था कि एसएमबीसी ने बैंक में 20 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव में स्टेट बैंक ऑफइंडिया से 13.19 फीसदी हिस्सेदारी और सात अन्य बैंकों-एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, फेडरल बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआइ बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक-से कुल 6.81 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की योजना शामिल थी।

**आरबीआई की शर्तें और नियमः** आरबीआई ने अपनी मंजूरी के साथ कुछ शर्तें भी जोड़ी हैं। इनमें बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट, 1949, RBI की 16 जनवरी, 2023 को जारी गाइडलाइंस, फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट, 1999 और अन्य संबंधित कानूनों का पालन करना शामिल है। इसके अलावा, हिस्सेदारी खरीदने के बाद कुछ शेयरों पर लॉक-इन पीरियड लागू होगा और बाद के किसी भी सौदे के लिए RBI की मंजूरी जरूरी होगी। RBI ने यह भी साफ किया कि वह इस सौदे से जुड़े किसी भी पहलू पर अपने विवेक से फैसला ले सकता है।

### कमजोर मांग के बीच सोना हुआ सस्ता

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** कमजोर वैश्विक मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।



**वैश्विक स्तर पर गिरे सोने-चांदी के दाम:** वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,330.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हाजिर चांदी भी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37.96 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।

**फेडरल रिजर्व की गतिविधियों पर टिकी है नजर:** ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि सोने और चांदी की कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। व्यापारी जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण की प्रत्याशा में महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मौद्रिक नीति के रुख की दिशा के बारे में संकेत दे सकता है।

### 95 प्रतिशत कंपनियों को एआई से नहीं मिला कोई ठोस फायदा

■ अरबों खर्च के बावजूद उम्मीद के मुताबिक लाभ नहीं: स्टडी

**मुम्बई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** पिछले तीन सालों में दुनियाभर की कंपनियों ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) प्रोजेक्ट्स में 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। लेकिन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) की एक नई स्टडी के मुताबिक, इनमें से 95% कंपनियों को AI टूल्स अपनाने से कोई ठोस फायदा नहीं हुआ। The Daily Adda की एक रिपोर्ट में इस स्टडी के हवाले से बताया गया कि ज्यादातर कंपनियों की कमाई या मुनाफे पर AI का कोई असर नहीं पड़ा। दुनियाभर में कंपनियों ने ChatGPT, Copilot AI और दूसरे बड़े लैंग्वेज मॉडल्स को आजमाने में तेजी दिखाई। सर्वे बताते हैं कि 80% से ज्यादा बड़ी कंपनियों ने इन टूल्स को टेस्ट किया या छोटे स्तर पर इस्तेमाल शुरू किया। करीब 40% कंपनियों ने इन्हें किसी न किसी रूप में लागू भी किया। लेकिन स्टडी में सामने आया कि ज्यादातर मामलों में ये टूल्स सिर्फ कर्मचारियों का काम तेज करने में मदद कर रहे हैं, न कि कंपनी के मुनाफे को बढ़ाने में।




**एआई टूल्स क्यों नहीं दे रहे रिजल्ट?:** MIT की स्टडी में बताया गया कि जेनरेटिव ढ्ढ टूल्स का सबसे बड़ा मसला यह है कि ये असल कामकाजी प्रक्रियाओं में अच्छे से फिट नहीं हो पा रहे। इन टूल्स में काम के ढांचे कमजोर हैं, ये संदर्भ के हिसाब से सीख नहीं पाते और रोजमर्रा के कामों के साथ तालमेल नहीं बना पाते। यानी, ये टूल्स इंसानों की तरह न तो पुराने फीडबैक को याद रख पाते हैं और न ही समय के साथ अपनी समझ को बेहतर कर पाते।

# म्यूचुअल फंड में गांव और कस्बों से भी निवेश करना हुआ आसान, डाकघर बनेंगे डिस्ट्रीब्यूटर

**नई दिल्ली, 24 अगस्त (एजेंसी)।** इंडिया पोस्ट और एएमएफआई के करार से अब डाकघरों के जरिए ग्रामीण और छोटे शहरों में म्यूचुअल फंड निवेश की पहुंच आसान होगी। फाइनेंशियल इंक्लूजन को गहराई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए संचार मंत्रालय के तहत डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट (DoP) और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) ने करार किया है। यह समझौता (Mo) एएमएफआई के 30वें स्थापना दिवस के मौके पर मुंबई में हुआ। इस पहल के तहत इंडिया पोस्ट अब म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने के लिए वितरक की भूमिका निभाएगा। खासतौर पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। डाकघरों के व्यापक नेटवर्क और भरोसे के चलते यह कदम करोड़ों नागरिकों तक म्यूचुअल फंड उत्पादों की पहुंच आसान करेगा।

समझौते पर हस्ताक्षर डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट की जनरल मैनेजर (बिजनेस डेवलपमेंट) मनीषा बंसल बादल और एएमएफआई के मुख्य कार्यकारी वी. एन. चलसानी ने किए। इस मौके पर सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय भी मौजूद रहे। इस समझौते के तहत डाक विभाग के कर्मचारी म्यूचुअल फंड वितरक के रूप में काम करेंगे ताकि छोटे शहरों और गांवों में निवेश की जागरूकता बढ़ सके। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में इंडिया पोस्ट की मजबूत मौजूदगी म्यूचुअल फंड की पहुंच बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

यह साझेदारी न केवल डाक विभाग की वित्तीय समावेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि एएमएफआई के निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाने के विजन को भी मजबूत करती है। यह करार 22 अगस्त 2025 से 21 अगस्त 2028 तक लागू रहेगा और इसे आगे बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है। समझौते में निवेशकों के डेटा और सेवाओं की सुरक्षा पर विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में नई मिसाल कायम होगी।




### म्यूचुअल फंडः निवेश का आसान तरीका

म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प है। इसमें कई लोगों से पैसा इकट्ठा किया जाता है और उसे एक प्रोफेशनल फंड मैनेजर अलग-अलग जगह जैसे शेयर, बॉन्ड, गोल्ड और सरकारी सिक्योरिटीज में लगाता है। निवेश से होने वाले मुनाफे या नुकसान का बंटवारा निवेशकों के हिस्से के हिसाब से किया जाता है। उदाहरण के तौर पर, अगर 100 लोग 1,000-1,000 रुपये लगाते हैं तो कुल 1 लाख रुपये इकट्ठा होगा। इस रकम को फंड मैनेजर शेयर या बॉन्ड जैसी जगहों पर निवेश करेगा। यदि निवेश से 10 फीसदी रिटर्न मिलता है तो हर निवेशक को उसी अनुपात में लाभ मिलेगा।

# अनिल अंबानी का बैंक ऑफ इंडिया अकाउंट फ्रॉड घोषित

**मुंबई, 24 अगस्त (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ इंडिया ने भी अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCom) के लोन खाते को फ्रॉड घोषित किया है। बैंक ऑफ इंडिया ने फाइलिंग में बताया है कि हमसे लिए फंड का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसमें कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भी शामिल है।

ये लोन का मामला 2016 का है। बैंक का कहना है कि अनिल अंबानी और उनके कुछ पूर्व डायरेक्टर्स ने फंड्स को डायवर्ट यानी इधर-उधर कर दिया। इसलिए बैंक ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी का नाम भी इस फ्रॉड केस में लिया है। बैंक ऑफ इंडिया ने RCom को 700 करोड़ रुपए का कर्ज दिया था।

इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि उसे 22 अगस्त को बैंक ऑफ इंडिया से 8 अगस्त का एक लैटर मिला है। इसमें बैंक ने अनिल अंबानी (कंपनी के प्रमोटर और पूर्व निदेशक) और मंजरी अशोक कक्कड़ (कंपनी की पूर्व निदेशक) के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने के बारे में बताया है।



■ रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 700 करोड़ के गलत इस्तेमाल का आरोप, आधे पैसों की एफडी कराई

**सीबीआई ने अनिल अंबानी के खिलाफ केस दर्ज किया:** इससे पहले कल यानी 23 अगस्त को CBI ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCOM) के खिलाफ 2,929 करोड़ रुपए के बैंक फ्रॉड मामले में केस दर्ज किया था। CBI ने मुंबई में रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड के ऑफिस और अनिल अंबानी के घर पर शनिवार (23 अगस्त) को छापेमारी भी की थी। यह फ्रॉड स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) से जुड़ा है।

## एक नजर

### नशीली टेबलेट के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर, 24 अगस्त।** पुरानी बस्ती पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महाराज बंद तालाब के पास दबिश देकर आरोपिया रिया साहू 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से नाइट्रोजेपम टेबलेट 80 नग जब्त किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 24 अगस्त।** अटारी ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अनिल कुमार निषाद 31 वर्ष ग्राम भाठा सोरही थाना बेरला जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी अटारी ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार अनिल कुमार की मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मेकाहारा परिसर से बाइक पार

**रायपुर, 24 अगस्त।** मेकाहारा परिसर स्थित आंबेडकर मुर्ति के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्तम दीप 33 वर्ष बैरनबाजार कोतवाली का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केएक्स 6245 को मेकाहारा परिसर स्थित आंबेडकर मुर्ति के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महंत कॉलेज के पत्रकारिता विभाग में परिषद का गठन

**रायपुर , 24 अगस्त।** गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में पत्रकारता विभाग के अंतर्गत आज महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ललित मोहन वर्मा एवं विभाग के अध्यक्ष राम प्रसाद दुबे शिक्षक श्रीमती गीता शर्मा एवं दीपा मेश्राम की उपस्थिति में प्रत्यक्ष प्रणाली से मतदान कराया गया परिषद के गठन में चुनाव उपरांत अध्यक्ष पद के पद पर प्रेम देवांगन उपाध्यक्ष तेजेश्वरी साहू सचिन तुषार शर्मा सह सचिव सुबीर सरकार निर्वाचित घोषित किए गए परिषद के गठन पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारी को विभाग की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की गई है वही या उम्मीद की जा रही है कि पदाधिकारी परिषद की गतिविधियों में सक्रिय रहकर विभाग को आगे बढ़ाएंगे आज मतदान के दौरान विभाग के 20 से अधिक छात्र-छात्राएं मतदान में हिस्सा लेने के लिए उपस्थित हुए थे।

### मालेगांव ब्लास्ट में सत्य की हुई जीत : उपाध्याय

**रायपुर, 24 अगस्त।** 17 साल पहले महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट में साध्वी प्रज्ञा ठाकुर एवं मेजर रिटायर रमेश उपाध्याय सहित अनेक लोगों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा भगवा आतंकवाद के नाम पर उन्हें आतंकवादी करार देकर गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद पुलिस ने प्रत्येक आरोपी पर थर्ड डिग्री का प्रयोग कर उसे अमानवीय यातनाएं दी। जबरिया कांग्रेस सरकार द्वारा मेजर रमेश उपाध्याय को निशाना बनाया गया था। उक्त जानकारी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में मेजर रमेश उपाध्याय ने देते हुए बताया कि उक्त घटनाक्रम में किसी और का हाथ था जिस मोटर साइकिल को साध्वी प्रज्ञा का बताया गया वह पहले ही बिक चुकी थी। कांग्रेस सरकार द्वारा रचे गये षडयंत्र का न्यायालय में पर्दाफाश हुआ और उनके सहित साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और अन्य लोगों को न्यायालय से बाइज्जत बरी किया गया7 17 साल जरूर लगे किंतु न्याय मिला। इससे राष्ट्रवाद के प्रति उनकी मानसिकता और मजबूत हुई है देश में वे हर स्थान पर हिंदूवाद को समर्थन देकर सनातनी धारणा को मजबूत करने का संदेश दे रहे हैं। कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए मेजर उपाध्याय ने बताया कि 1962 एवं 1971 से भारत पाक युद्ध में सैन्य प्रमुखों की उपेक्षा कर जीता हुआ क्षेत्र चीन एवं पाकिस्तान को वापस किया गया।

# ड्रग्स सिंडिकेट के 3 और आरोपी गिरफ्तार

## दिल्ली से ड्रग्स बेचने आए थे, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, कई सफेदपोश रडार पर

**रायपुर, 24 अगस्त।** अफगानिस्तान-पाकिस्तान-पंजाब और दिल्ली से ड्रग्स लाकर रायपुर में बेचने वाले आरोपियों के खिलाफपुलिस का एक्शन जारी है। पुलिस ने 3 और डीलरों को गिरफ्तार किया है। जिसमें हर्ष आहूजा, मोनू विश्नोई और दीप धनोरिया शामिल है।

गंज पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, 85,300 कैश और 27.58 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (कीमत करीब दो लाख रुपए) जब्त किया है। आरोपी दिल्ली से रायपुर में ड्रग्स बेचने आए थे। एक महीने के अंदर पुलिस अधिकारियों ने ड्रग्स बेचने के मामले में 30 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इन आरोपियों से पुलिस ने करोड़ों का ड्रग्स बरामद किया है। पैडलर्स पर पुलिस के मुखबिर नज़र रखे हुए हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**आरोपियों से पूछताछ जारी:** आरोपियों से पूछताछ कर रहे विवेचना अधिकारियों ने बताया कि, आरोपियों के पास से ड्रग्स के अलावा गाड़ी भी बरामद की गई है। आरोपी रायपुर में ड्रग्स कब से बेच रहे थे? ये ड्रग्स कहां का है? किस सिंडिकेट से आरोपी जुड़े हैं?





### आरोपियों के पास से मिला 27.58 ग्राम ड्रग्स

गंज थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक किआ कार, नगदी 85,300 रुपए और 27.58 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (कीमत करीब दो लाख रुपए) जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष आहूजा, मोनु विश्नोई और दीप धनोरिया के रूप में हुई है।

### रायपुर में क्या-क्या बिक रहा?

रायपुर पुलिस 2025 से अब तक नशा बेचने वाले 550 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ये आरोपी रायपुर में गांजा, एमडीएमए, एलएसडी, ओजी (विदेशी गांजा), हेरोइन, नशे की गोलियां, अफीम, कफसिरप बेचते और उसे लाते हुए पकड़े गए। इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये आरोपी ओडिशा से गांजा और महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब-हरियाणा से ड्रग्स लाते और उन्हें रायपुर समेत कई जिलों में बेचते हैं। छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों में यह आरोपी नशीली सामग्री पहुंचाते हैं। रायपुर के होटलों, पब और फार्म हाउस में आयोजित प्राइवेट पार्टियों में ड्रग्स को कोडवर्ड के सहारे बेचा जा रहा है। ये सब बातें पुलिस की जांच में पहले भी सामने आ चुकी हैं।

### राजधानी में बढ़ी ड्रग्स की खपत

जानकारों के अनुसार, रायपुर में क्लब और नाइट पार्टियों के कल्चर के चलते ड्रग्स की खपत बढ़ी है। अलग-अलग सिंडिकेट के सदस्य इलाके बांटकर इस काम को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के हत्थे रायपुर में सक्रिय दो गिरोह चढ़ चुके हैं। इन गिरोह के 30 से ज्यादा आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन गिरोह के सदस्यों के अकाउंट में करोड़ों का ट्रांजेक्शन मिला है। यह पैसा रायपुर जिले के अलग-अलग इलाकों से ट्रांसफर हुआ है। जिन लोगों ने आरोपियों के अकाउंट में पैसा जमा किया है, उनकी जानकारी पुलिस जुटा रही है।

इन सब सवालों का जवाब अफसर तलाश रहे हैं। अफसरों का कहना है कि आरोपियों के सिंडिकेट में कुछ सफेदपोश लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**व्यापारियों ने एकजुट होकर की चुनाव की मांग**

# दिल्ली में एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास



**रायपुर, 24 अगस्त।** देश की राजधानी दिल्ली में आज व्यापार जगत के प्रमुख नेताओं और संगठनों ने एकत्र होकर एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का समर्थन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पीयूष गोयल, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने व्यापारी नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में देशभर के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया। व्यापारी नेताओं ने इस नीति को देश की आर्थिक स्थिरता और सुशासन के लिए जरूरी बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, लाभचंद बाफना, श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर अध्यक्ष सतीश थोरानी, कैट अध्यक्ष अमर पारवानी, चैंबर कार्यकारी अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महामंत्री अजय भसीन, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सलूजा, चेयरमैन चेतन तारवानी, लोकेश जैन और राजेश सेतपाल सहित कई प्रमुख व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### भाजपा की अहम संगठनात्मक बैठक 31 अगस्त को, नए पदाधिकारियों को मिलेगा राष्ट्रीय नेताओं से मार्गदर्शन

**रायपुर, 24 अगस्त।** रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 31 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों को पार्टी की कार्यप्रणाली, संगठनात्मक दायित्व और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ पार्टी के अन्य प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेता भी नए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।

बैठक में प्रदेशभर के 476 मंडलों और 36 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य, मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठ संयोजकों को आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के बाद पहली बड़ी बैठक होगी। संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश दौरे पर रवाना होने से पहले बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। उनके साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा तथा प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी बैठक में शामिल रहेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशों के अनुसार प्रदेश भाजपा ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर 60 लाख नए सदस्य जोड़े, फिर बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक चुनाव कराए। पहले जहां 405 मंडल थे, अब 71 नए मंडलों के साथ यह संख्या 476 हो गई है। इसी तरह संगठनात्मक जिलों की संख्या भी बढ़ाकर 35 से 36 कर दी गई है, जिसमें नया जिला बिलासपुर ग्रामीण शामिल है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

## खड़े ट्रक से टकराई मोटरसाइकिल 2 दोस्तों का सिर फटा, जांजगीर में भिड़ी बाइक-स्कूटी, खून से लाल हुई सड़क

**रायपुर, 24 अगस्त।** रायपुर के गोबरा नवापारा में तेज रफ्तार बाइक सवार 2 दोस्त खड़े ट्रक से टकरा गए। हादसे में सिर फटने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। रात के अंधेरे में युवक सड़क किनारे खड़े ट्रक को देख नहीं पाए। घटना गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है।

वहीं, जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ इलाके में स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। इस तरह दो अलग-अलग हादसों में 3 लोगों की जान चली गई।

**बाइक से गांव लौट रहे थे दोस्त:** जानकारी के अनुसार, रायपुर के नवागांव के निवासी डेमन साहू (40) और जितेंद्र ध्रुव (40) दोनों दोस्त थे। दोनों के घर आसपास में हैं। बताया जा रहा है कि, दोनों दोस्त शनिवार को किसी काम से दूसरे गांव गए थे। रात में वे घर लौट रहे थे। इसी दौरान नवागांव-रायपुर रोड पर नवागांव से 1 किमी दूर रात करीब 9.15 बजे यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक लोहे की छड़ों से भरा हुआ था। ट्रक अंधेरे में सड़क किनारे खड़ा था। ड्राइवर ने किसी प्रकार का संकेतक भी नहीं लगाया था।

**दोनों का सिर फट गया:** दोनों युवकों की बाइक तेज रफ्तार होने के कारण ट्रक नहीं दिख पाया। वे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गए। जिससे उनका सिर फट गया और शरीर के कई अन्य जगहों पर चोटें आई है। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों युवकों को नवापारा सीएचसी लेकर आई, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**घर पर अकेले कमाने वाले थे दोनों:** इधर, घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों ही परिवार में कमाने वाले थे। उनकी मौत से दोनों के घरों में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



### स्कूटी-बाइक की टक्कर, एक मौत

जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ इलाके में शनिवार शाम कोसला-भदरा मार्ग स्थित कोसाबाड़ी के पास स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान अजीत कश्यप (25) के रूप में हुई है। वह उमेंद्र पटेल और उसके बेटे शंकर पटेल के साथ पामगढ़ से अपने गांव कोसला लौट रहा था। दूसरी तरफ पनगांव निवासी युवराज साहू (28) स्कूटी से भदरा गांव के साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अजित कश्यप को सिर पर गंभीर चोट आई। बाइक पर सवार उमेंद्र पटेल, शंकर पटेल और स्कूटी चला रहा युवराज साहू भी घायल हो गया।

**बिलासपुर सिम्स में मृत घोषित:** सभी घायलों को पहले सीएचसी अस्पताल पामगढ़ ले जाया गया। अजीत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बिलासपुर सिम्स अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का सीएचसी में इलाज जारी है। पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा के अनुसार मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर के 100 पुलिसकर्मियों ने कई इलाकों में मारे छापे

- सुबह 5 बजे डोर टू डोर चेकिंग, 20 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में एक्शन

**रायपुर, 24 अगस्त।** रायपुर के 100 से अधिक पुलिसकर्मियों ने कबीर नगर के कई मोहल्लों में रेड मारी है। पुलिस ने सुबह 5 बजे डोर टू डोर चेकिंग अभियान और पूछताछ की। इस चेकिंग अभियान में पुलिस ने 20 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में एक्शन लिया। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

दरअसल रायपुर स्स्क डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक ईशु अग्रवाल समेत 4 थाना के प्रभारी चेकिंग अभियान पर निकले थे।

जिसमें थाना प्रभारी कबीर नगर, आजाद चौक, आमानाका, सरस्वती नगर और क्राइम ब्रांच की टीम थी। पुलिस ने कबीर नगर के हीरापुर, वीर सावरकर नगर, आर.डी.ए.कालोनी तथा आसपास के क्षेत्रों में चेकिंग की। इस छापेमार कार्रवाई के दौरान थाना कबीर नगर में चिट्टा हेरोइन के मामले में संलिप्त एक आरोपी को



गिरफ्तार किया गया। कॉलोनियों के मकानों में निवास कर रहे व्यक्तियों और किरायेदारों का सत्यापन करवाया गया। साथ ही बाहर से आए व्यक्तियों का भी सत्यापन कर पूछताछ की गई। इसमें 20 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक धाराएं लगाई गई है।

# पैसों के बदले ब्रोकरों की मदद करने वाले 3 बैंक के अधिकारी गिरफ्तार

- रायपुर में फ्रॉड के पैसों के लिए बैंक अकाउंट खुलवाए

**रायपुर, 24 अगस्त।** रायपुर में फ्रॉड के पैसे बैंक खातों में मंगवाने के लिए बैंक अकाउंट खोले गए। इस मामले में पुलिस ने तीन अलग-अलग बैंक के अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने ब्रोकरों से पैसे लेकर उनकी मदद की। इन्हीं म्यूल बैंक अकाउंट से ठगो ने लाखों रुपए ट्रांसफर कर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, रायपुर के टिकरापारा, सिविल लाइन और गुढ़ियारी थाने में ठगी की अलग-अलग शिकायत दर्ज की गई। जिसके बाद म्यूल बैंक खाता का संचालन करने वाले और खुलवाने वालों के खिलाफ पुलिस एक्शन ले रही है। इस मामले में पुलिस ने बैंक अधिकारियों की मिलीभगत की भी जांच की। जिसके बाद एक्सिस बैंक



**गिरफ्तार बैंक अधिकारी:** अभिनव सिहं पिता नरेश सिंह (32) पता झण्डा चौक सेक्टर 02 शिवानंद नगर खमतराई रायपुर (एक्सिस बैंक), प्रवीण वर्मा पिता लक्ष्मण प्रसाद वर्मा (37) पता रोहिणीपुरम फेस 1 बोरसी, पदमनाभपुर, दुर्ग (इंडियन ओवरसीज बैंक), प्रीतेश शुक्ला पिता लालजी शुक्ला (32) पता शिवानंद नगर, गुढ़ियारी रायपुर (रत्नाकर बैंक लिमिटेड)

अधिकारी अभिनव सिंह, इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी प्रवीण वर्मा, रत्नाकर बैंक अधिकारी प्रीतेश शुक्ला की गलत तरीके से बैंक अकाउंट खुलवाना मिला। आरोपियों ने बैंक के ड्यू डीलीजेन्स, के वाई सी नॉर्म्स का पालन नहीं किया था। इसके अलावा बैंक खाता खोलने के बदले ब्रोकरों से रुपए लिए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# नवा रायपुर में नौ मंजिला होगा पॉवर कंपनी का मुख्यालय

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों का संयुक्त मुख्यालय परिसर अत्याधुनिक और हरित भवन के मापदण्डों के अनुरूप होगा। 1300 से अधिक कार्मिकों के लिए तैयार हो रहे इस मुख्यालय भवन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की पाँच सितारा रेटिंग और ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) के मापदण्डों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। नवा रायपुर के सेक्टर 24 में निर्मित होने जा रहे भूतल समेत कुल 9 मंजिलों के इस मुख्यालय काम्पलेक्स में तीनों कंपनियों के लिए तीन टॉवर होंगे। मुख्यालय भवन को ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (गृहा) के निर्धारित पाँच सितारा मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। गृहा के मानकों से निर्मित भवनों में पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और टिकाऊ संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है। प्रदेश को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने में अग्रणी भूमिका निभा रही स्टेट पॉवर कंपनियाँ अपने मुख्यालय को हरित भवन के मापदण्डों के अनुरूप तैयार कर रही हैं। नेट जीरो अवधारणा के साथ भवन में हरित ऊर्जा का ही उपयोग हो इसके लिए प्रथम चरण में 55 तथा दूसरे चरण में शत प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति सौर ऊर्जा से होगी।

### 217 करोड़ होगा खर्च

मुख्यालय परिसर एकीकृत प्रणाली से प्रबंधित होगा जिसे भवन प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) नियंत्रित कहा जाता है। इसके तहत नियंत्रण कक्ष स्थापित होगा और यह नियंत्रित विद्युत, एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) जल आपूर्ति, अग्निशमन, अग्नि अलार्म, ऑडियो विजुअल, सीसीटीव्ही निगरानी से लैस होगी। मुख्यालय परिसर के विकास का काम छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को सौंपा गया है। मुख्यालय भवन का निर्माण 10 हजार वर्ग मीटर में होगा जिस पर लगभग 217 करोड़ रुपए का व्यय होगा। भवन निर्माण का कार्य अगले 30 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

**शहर में आवारा कुत्तों आतंक** | **लोगों में दहशत का माहौल, बरसात में बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले**

# रोजाना 100 से ज्यादा लोग पहुंच रहे अस्पताल, इंजेक्शन सीमित

**रायपुर, 24 अगस्त।** राजधानी में कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। हर दिन डॉग बाइट के 100 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। डॉ. आंबेडकर अस्पताल और जिला अस्पताल पंडरी में रोजाना 80 से 100 लोग एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। यही हाल शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का है, जहां बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आ रहे हैं। मगर स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल के चलते इन केंद्रों में फिलहाल इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

**जिले में टीके का सीमित स्टॉक:** स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले के टीकाकरण स्टोर में महज 400 डोज एंटी रैबिज का स्टॉक रखा हुआ है। एक मरीज को



एंटी रैबिज की पांच डोज की आवश्यकता होती है। ऐसे में उपलब्ध टीका केवल 80 लोगों के लिए ही पर्याप्त है, जबकि प्रतिदिन इससे कहीं अधिक मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**लोगों में दहशत, प्रशासन मौन:** लगातार बढ़ रहे मामलों से लोगों में दहशत है। पीड़ितों के स्वजन के अनुसार नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से ठोस कदम उठाए जाते नहीं दिख रहे। स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल ने समस्या को और गंभीर बना दिया है।

**बरसात में क्यों बढ़ते हैं मामले:** विशेषज्ञों का कहना है कि बरसात का मौसम डॉग बाइट के मामलों में इजाफा होता है। डॉ. पवन कुमार शहानी बताते हैं कि इस मौसम में कुत्तों में हार्मोनल बदलाव आता है। यह उनके ब्रीडिंग का सीजन भी होता है, जिसके चलते वे आक्रामक हो जाते हैं और लोगों पर हमला कर बैठते हैं।

**केस- 01:** प्रज्ञा ठाकुर- 26 वर्षीय प्रज्ञा ठाकुर शनिवार को डॉक्टर आंबेडकर अस्पताल में एंटी रैबिज का टीका लगवाने आयी थी। प्रज्ञा ने बताया की वह भांठागांव की रहने वाली है और वह शाम को घर के बाहर टहल रही थी, इतने में अचानक एक कुत्ते ने उनके पैर को काट दिया।

**केस- 02:** पूजा ठाकुर- 52 वर्षीय पूजा ठाकुर भी शनिवर को डॉ. आंबेडकर अस्पताल में एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगवाने आयी थी, पूजा ने बातचित में बताया की वह भाठागांव की रहने वाली है और शनिवार सुबह 7 बजे घर के बाहर खड़ी हुई थी उतने में एक कुत्ते ने उन्हें काट दिया। जिसके बाद पूजा एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगवाने डॉ. आंबेडकर अस्पताल आयी।

**केस- 03:** पंकज साहू- 40 वर्षीय पंकज साहू जिला अस्पताल पंडरी में एंटी रैबिज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे थे उन्होंने बातचीत में बताया की वह मोवा के रहने वाले है रात में ड्यूटी से घर जा रहे थे बाइक की आवाज सुनकर कुत्तों ने उनपर हमला कर दिया और उनके पैर को काट दिया। पंकज ने बताया की मोवा में कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है जिसकी वजह से रात में आने जाने वालों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है।

# प्रदेश में अब तक औसत से कम बारिश, 5 जिले में सूखे की आशंका

## 24 जिलों में स्थिति सामान्य, बलरामपुर में सबसे अधिक 801.8 मिमी बारिश

**रायपुर, 24 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में बारिश की स्थिति इस साल पिछले सालों की तुलना में औसत से कम है। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार अबतक प्रदेश में इस साल 5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। 3 जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई है, जबकि 5 जिलों में सुखे की स्थिति बनी हई है।

प्रदेश में इस साल बारिश की स्थिति अब तक सामान्य से कम है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस साल एक जून से अब तक छत्तीसगढ़ में औसतन 801.8 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य बारिश 844.8 मिमी होती है। यानी प्रदेश में अब तक करीब 5 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है।

राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश सामान्य रही है, लेकिन बेमेतरा, जशपुर, महासमुंद और सरगुजा संभाग के कुछ जिले कम बारिश से जूझ रहे हैं। वहीं बलरामपुर और मोहला-मानपुर जैसे जिले अत्यधिक बरसात से तरबतर हैं। छत्तीसगढ़ के 24 जिलों में इस साल अबतक सामान्य बारिश हुई है। इन जिलों में बारिश न तो कम हुई है और न ही ज्यादा। इन जिलों में रायपुर, दुर्ग, धमतरी, गरियाबंद, कवर्धा, कांकेर, बेमेतरा, कोरबा, कोरिया, नारायणपुर, रायगढ़, सरायपाली-बिलाईगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर, बलोद, बालोदाबाजार, दंतेवाड़ा, बीजापुर, महासमुंद, मनेंद्रगढ़, राजनांदगांव, मुंगेली, सक्ती, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान शामिल है।

पूरे छत्तीसगढ़ में 24 जिलों में बारिश की स्थिति सामान्य है। बलरामपुर जिले में औसत से 64

### कम बारिश वाले 5 जिले

बेमेतरा 49 प्रतिशत कम (394.7 मिमी), सुरजपुर 31 प्रतिशत कम (598.2 मिमी), जशपुर 22 प्रतिशत कम (782.8 मिमी,महासमुंद 20 प्रतिशत कम (612.9 मिमी), कोंडागांव 16 प्रतिशत कम (713.1 मिमी) बारिश हुई है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26